With the conversion of 12 first stage blocks into second stage during the month of October, 1963, the whole State has now been covered under 22 pre-extension, 98 first stage and 112 second stage blocks. A review of the activities of these institutions, on the basis of the available reports from 206 Panchayat Samitis reveal that 55,908 quintals of fertilizers, 1,22 981 quintals of improved seeds and 19,929 improved implements were distributed and 10,045 agricultural demonstrations were held during the quarter under review. The abrupt rise in the seed distribution and the agricultural demonstrations was due to the sowing season of the Rabi crop. Under Animal Husbandry Scheme, 1,461 improved animals and 6,444 improved birds were supplied as against 682 improved animals and 3,798 improved birds supplied during the corresponding quarter of the last year. The co-operative movement in rural areas got an accleration. 231 co-operative societies with 24,745 members were started which shows an improvement both over the previous as well as the corresponding quarter of the last year. Irrigation facilities in rural areas were increased with the construction of 2,790 wells by which 13,063 hectares of land was brought under irrigation. Under communication 559 Kilometres of new roads were constructed and improved. An appreciable progress was achieved under the literacy programme as 2,531 adult education centres were started through which 13,959 adults were made literate during the quarter under reference. Health facilities in rural areas were increased with the construction of 156 latrines, 288 drinking water wells and 2,519 meters of pucca drains. Besides all these continuing programme, 144 youth clubs with a membership of 2.694 persons and 125 mahila mandals with a membership of 514 women were also started during the period under review.

XIII. Third Five Year Plan:

The original allotment for the year 1963-64, the third year of the Third Five Year Plan, was fixed at Rs. 34·63 crore to be restricted to Rs. 34·50 crore. Out of the Plan allocations, the highest amount, i. e., Rs. 18·92 crore, was earmarked for Irrigation and Power sector during the current year followed in order by Social Services (Rs. 7·16 crore) Co-operation and Community Development (Rs. 3·35 crore). Agricultural Programmes (Rs. 3·01 crore). Transport and Communication (Rs. 1·26 crore), Industry and Mining (Rs. 0·77 crore) and Miscellaneous Sector (Rs. 0·16 crore).

The total expenditure during the quarter under review amounted to Rs. 11.12 crore representing 32.12 prercent of the current year's outlay. The expenditure during the period under review was less as compared to the expenditure of Rs. 16.08 crore reported to have been spent in the corresponding period of the last year. This could be attributed to incomplete reporting. As per reports available Rs. 29.83 crore or 86.14 percent of the allotment was spent during the year 1963-64. In terms of precentages of expenditure to the respective allotment, the progress achieved during the quarter under review was encouraging as compared to the preceding quarter. The Miscellaneous group accounted for the highest percentage of expenditure of 58.12 followed by Co-operation and Community Development group with 46·56 per cent, Transport and Communication with 43·18 per cent. Agricultural Programmes with 34·26 per cent, Irrigation and Power with 30·76 per cent. Social Service with 26·54 per cent, and Industry and mining with 22·53 pre cent of expenditure.

XIV. Crime Situation:

The Crime situation in the State recorded further improvement as the number of crimes reported registered a decline. 6,840 crimes were reported during the quarter under review as against 6,938 during the preceding one thereby showing a decrease of 1·41 per cent.

Among the total crimes (6,840) reported, the highest number of crimes was registered under the head Miscellaneous I.P.C. only (33·42) per cent followed in order by Burglary (25·64 per cent), other Thefts (22·27 per cent), Cattle Thefts (6.04 per cent), Riot (4·39 per cent). Kidnapping and abduction (4.08 per cent), Robbery, (2·24 per cent), Murder (1·60 per cent) and Dacoity (0.32 per cent).

While crimes under the category of Murder, Kidnapping and Abduction and Burglary registered a rise over the preceding quarter, the offences reported under Miscellaneous I.P.C. only other thefts, cattle thefts. Riot. Robbery and Dacoity recorded a decrease during the same period.

The following is the districtwise occurrence of crimes :—

Crimes reported (group)	Quarter ending Dec., 1963		Quarter ending March, 1964	
	District	Frequency	District	Frequency
Above 600	1. Jaipur 2. Ganganagar	2	1. Jaipur 2. Ganganagar	2
500-600	—	—	—	—
400-500	1. Bharatpur 2. Kota 3. Udaipur	3	1. Ajmer 2. Bharatpur 3. Kota 4 Udaipur	4
300-400	1. Ajmer 2. Alwar 3. Chittorgarh 4. Sawai Madhopur	4	1. Alwar 2. Bhilwara 3. Chittorgarh	3
200-300	1. Bhilwara 2. Jhalawar 3. Jodhpur 4. Nagaur	4	1. Bundi 2. Jodhpur 3. Pali 4. Sawai Madhopur 5. Sikar 6. Nagaur	6
100-200	1. Banswara 2. Barmer 3. Bikaner 4. Bundi 5. Churu 6. Jhunjhunu 7. Pali 8. Sikar 9. Tonk	9	1. Banswara 2. Bikaner 3. Churu 4. Jhunjhunu 5. Jhalawar 6. Tonk	6
50-100	1. Dungarpur 2. Jalore 3. Sirohi	3	1. Barmer 2. Dungarpur 3. Jalore 4. Sirohi	4
0-50	1. Jaisalmer	1	1. Jaisalmer	1
	TOTAL ..	26	TOTAL ..	26

It transpires from the above table that Jaipur and Ganganagar again recorded the highest number of crimes viz., 920 and 640 respectively. Inter-change of the group in case of all the districts was restricted to the next higher or lower group. While Ajmer, Bhilwara, Bundi, Pali and Sikar districts changed their position to the next higher group, Sawai Madhopur, Jhalawar and Barmer districts moved to the next lower group. The position of Jaipur, Ganganagar, Bharatpur, Kota, Udaipur, Alwar, Chittorgarh, Jodhpur, Nagaur, Banswara, Bikaner, Churu, Jhunjhunu, Tonk, Dungarpur, Jalore, Sirohi and Jaisalmer remained unchanged. Highest number of districts viz., 6 each was recorded in crime group 100-200 and 200-300.

राजस्थान की सामाजिक एवं आर्थिक समीक्षा

[त्रैमासिक क्रमणिका खण्ड नवम अंक प्रथम में दिये गये समंकों पर आधारित]

अत्यधिक शीत के कारण वर्ष, 1964 की रबी की फसल के विफल होने एवम् तत्पश्चात् सूखा और अकाल की स्थिति से राज्य की अर्थ-व्यवस्था को बड़ा आघात पहुंचा। राज्य के 13 जिलों के लगभग 4,000 ग्रामों में, जिनमें लगभग 30 लाख व्यक्ति प्रभावित हुए, अभावग्रस्त स्थिति के कारण स्थिति और भी विकट हो गई। इन संकटों के परिणामस्वरूप वर्ष 1963-64 मे खाद्यान्नों के अन्तर्गत क्षेत्र एवम् उत्पादन में भारी ह्रास हुआ। फलतः खाद्यान्नों के मूल्यों में वृद्धि की प्रवृत्ति दृष्टिगोचर हुई, जिनने व्यापक मूल्यस्तर को बढाने मे प्रमुख भाग लिया जो कि आर्थिक एवम् सांख्यिकी संचालनालय, राजस्थान, जयपुर द्वारा तैयार किये गये थोक भावों के सूचकांकों से स्पष्ट है। थोक भावों का व्यापक सूचकांक विगत त्रैमास तथा गत वर्ष के सम्वादी काल की तुलना में क्रमशः 6.4 तथा 18.6 प्रतिशत अग्रसर हुआ। बढती हुई कीमतों को रोकने के लिये सरकार ने तत्परता से नियमित तथा प्रतिबन्धित उपाय किये। 23, मार्च, 1964 से केन्द्रीय सरकार ने गेहूं के आवागमन की क्षेत्रीय प्रणाली लागू की। देश को 9 क्षेत्रों में विभाजित किया गया, जिसमें राजस्थान राज्य स्वयं एक पृथक क्षेत्र बनाया गया। बिना सरकार की अनुमति के गेहूं तथा गेहूं उत्पाद के आयात तथा निर्यात पर रोक लगाई गई। मुनाफाखोरी को रोकने तथा संचय प्रवृत्ति को अधिक प्रभावशाली ढंग से रोकने के उद्देश्य से केन्द्रीय कृषि मंत्री ने 2 मार्च, 1964 को एक छः सूत्रीय कार्यक्रम उद्घोषित किया जिसमें खाद्यान्नों के अधिकतम मूल्य निर्धारित करने, सरकार द्वारा क्रय की गई वस्तुओं के मूल्यों की समीक्षा करने, थोक व्यापार को प्रभावशाली रूप से नियमित करने, चावल मिलों के प्रबन्ध को क्रमशः सरकार के अन्तर्गत लेने, सरकार द्वारा चावल की खरीद की मात्रा मे वृद्धि करने तथा साख नियंत्रण को कठोर करने की दिशा में कार्य करने का ध्येय है। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में भी कोई उत्साहवर्धक चित्र दृष्टिगोचर नहीं हुआ, क्योंकि राज्य के मुख्य उद्योगों में से अधिकांश पूर्वस्तर पर स्थिर रहने मे असफल रहे। श्रम क्षेत्र में औद्योगिक अशांति रही जो कि औद्योगिक विवादों में हुई वृद्धि से स्पष्ट है तथापि निर्माणी दुर्घटनाओं की संख्या में आलोच्य त्रैमास में कमी हुई।

श्रमिक संघ आंदोलन की शक्ति में वृद्धि हुई और इन संघों की संख्या तथा सदस्य संख्या दोनों में वृद्धि हुई। रोजगार स्थिति में उन्नति के स्पष्ट चिन्ह दृष्टिगोचर हुए, क्योंकि जहां रोजगार अभिलाषियों की संख्या में ह्रास हुआ वहां अधिक काम दिलाये गये। सहकारिता आन्दोलन तथा राज्य बीमा दोनों प्रगति करते रहे। कानून एवम् शान्ति की स्थिति में भी अधिक सुधार हुआ जो कि प्रतिवेदित अपराधों की कमी से प्रकट होता है।

I. मौसम एवं कृषि उत्पादन :

आलोच्य त्रैमास में बीकानेर, गंगानगर और फलोदी में नगण्य वर्षा हुई जो क्रम में 0.1, 0.5, 0.2 सेन्टीमीटर थी। गत वर्ष के सम्वादी काल के विपरीत अन्य केन्द्रों में आलोच्य त्रैमास मे वर्षा नहीं हुई। झालावाड़, कोटा, बाड़मेर तथा जोधपुर केन्द्रों पर अधिकतम तापक्रम 40 डि० सें० अंकित किया गया, न्यूनतम तापक्रम–2.0 डि० सें० जयपुर केन्द्र पर अभिलिखित किया गया।

जनवरी तथा फरवरी, 1964 के माहों में तीन बड़ी नहरों अर्थात् गंग नहर, भाकरा नहर और उत्तरी घग्गर ने क्रमशः 7,604, 20,737, 1,228 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जबकि गत वर्ष के सम्वादी काल में क्रमशः 8,664, 16,045 और 1,387 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई थी। कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल मौसम का प्रभाव आलोच्य त्रैमास में प्रसारित किये गये पूर्वानुमानों में स्पष्टतः दृष्टिगोचर हुआ जबकि प्रमुख फसलों में से अधिकांश का क्षेत्र एवं उत्पादन गत वर्ष की अपेक्षा कम अनुमानित किया गया। अध्ययनगत त्रैमास में बाजरा, ज्वार, मक्का, चावल, अन्य खरीफ की दालें, मिर्च, अदरक, तिल, मूंगफली और अरंडी के अंतिम पूर्वानुमान और गेहूं, जौ, शक्कर, सामा, कुटकी, आदि चना, अरहर, अन्य रबी की दालें, गन्ना, आलू, राई एवं सरसों, अलसी, कपास और तम्बाकू के प्रारम्भिक पूर्वानुमान प्रसारित किये गये। इन पूर्वानुमानों में गत वर्ष के संवादी पूर्वानुमान की अपेक्षा ज्वार (12.86 प्रतिशत), जौ (22.66 प्रतिशत), अन्य खरीफ दालें (5.91 प्रतिशत) अदरक (36.36 प्रतिशत), तिल (29.61 प्रतिशत), राई एवं सरसों (32.61 प्रतिशत), अरंडी (50.00 प्रतिशत), तम्बाकू (42.86 प्रतिशत), तथा अरहर (13.79 प्रतिशत) की फसलों के क्षेत्र में ह्रास अंकित किया गया। इन फसलों के अंतर्गत क्षेत्र में ह्रास के कारण उत्पादन में भी कमी अनुमानित की गई जो कि क्रमशः 34.60 प्रतिशत, 36.59 प्रतिशत, 27.49 प्रतिशत, 33.33 प्रतिशत, 64.63 प्रतिशत, 36.00 प्रतिशत, 53.16 प्रतिशत, 40.00 प्रतिशत तथा 9.09 प्रतिशत थी। इसके अतिरिक्त आलोच्य वर्ष में गन्ने के अन्तर्गत क्षेत्र में भी गत वर्ष की अपेक्षा 11.43 प्रतिशत का ह्रास अनुमानित किया गया। मिर्च तथा अलसी का उत्पादन क्रमशः 29.17 प्रतिशत एवं 18.82 प्रतिशत बढ़ा। गत वर्ष की अपेक्षा आलोच्य वर्ष में सामां, कुटकी आदि और मूंगफली के अंतर्गत क्षेत्र में क्रमशः 5.08 प्रतिशत तथा 6.63 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित की गई जब कि उत्पादन में 86.98 प्रतिशत तथा 52.31 प्रतिशत की कमी अनुमानित की गई।

II. खाद्य स्थितिः

सूखा के साथ 2 भीषण शीत ने रबी की फसल को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया तथा 1963 में भी खरीफ फसल की असफलता के

कारण स्थिति और अधिक गम्भीर हो गई। इस स्थिति से आलोच्य त्रैमास में मूल्यों में वृद्धि हुई। बढ़ते हुए भावों की रोकथाम के लिये तथा साथ ही गेहूं के आवागमन को सिमित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय सरकार ने क्षेत्रीय प्रणाली लागू की। 23 मार्च, 1964 से पुन: बिना सरकार की अनुमति के, जिसके अनुसार गेहूं तथा गेहूं उत्पाद के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आयात एवम् निर्यात पर रोक लगादी गई है। देश को 9 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें राजस्थान राज्य स्वयं एक पृथक क्षेत्र बनाया गया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने 2 मार्च, 1964 को एक छः सूत्रीय कार्यक्रम उद्घोषित किया, जिसमें खाद्यान्नों के अधिकतम मूल्य निर्धारण करने, सरकार द्वारा क्रय की वस्तुओं के मूल्यों की समीक्षा करने, थोक व्यापार को प्रभावशाली रूप से नियमित करने, चावल मिलों के प्रबन्ध को क्रमशः सरकार के अन्तर्गत लेने, सरकार द्वारा चावल की खरीद की मात्रा में वृद्धि करने तथा खाद्य नियंत्रण को कठोर करने की दिशा में कार्य करने का ध्येय है।

साथ ही साथ सरकार ने आयातित गेहूं का वितरण सामान्य प्रदाय स्थिति बनाये रखने हेतु आलोच्य त्रैमास में 132 लाख टन गेहूं वितरण के लिए आवंटन किया। राज्य में कुल 1,731 सस्ते गल्ले की दुकानें कार्य कर रहीं थीं।

खाद्यान्नों के मूल्यों की अग्रसर प्रवृति खाद्यान्न वर्ग के सूचकांक में वृद्धि के लिये उत्तरदायी रही जो कि (आधार वर्ष 1952-53) अक्टूबर-दिसम्बर में 139.3 से बढकर, जनवरी-मार्च, 1964 में 151.0 हो गया तथा इस प्रकार 8·4 प्रतिशत की वृद्धि इंगित की। यह वृद्धि मुख्यतः अनाज उप-वर्ग के कारण हुई जो कि इसी अवधि में 13.0 प्रतिशत से बढ़ा। 21.3 प्रतिशत की अधिकतम वृद्धि गेहूं के मूल्यों में अंकित की गई क्योंकि इसका सूचकांक विगत त्रैमास में 108 से बढ़ कर आलोच्य त्रैमास में 131 हो गया। तदक्रमानुसार चना, जौ तथा ज्वार के सूचकांक क्रमशः 140, 118 तथा 119 से बढ़कर 163, 131 तथा 129 हो गये। इस प्रकार क्रमश; 16.4, 11.0 तथा 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दृष्टिगोचर हुई। यह वृद्धि वर्ग सूचकांक में वृद्धि चावल, मक्का, दालें, तिल का तेल, सरसों का तेल, चीनी एवं मसाले के मूल्यों के बढ़ने के कारण हुई।

सूखे एवं पाले के कारण चारे की समस्या भी अधिक गम्भीर हुई परन्तु राज्य एवं केन्द्रीय सरकार दोनों ने सुधारात्मक उपायों के द्वारा स्थिति को नियन्त्रण में रखा। खाद्य स्थिति सामान्यतः संतोषजनक रही।

III. सहकारिता आन्दोलन: —

नई समितियों के गठन के साथ साथ राज्य में सहकारी आन्दोलन प्रगति के पथ पर अग्रसर रहा। आलोच्य त्रैमास में 526 नई सहकारी समितियों का पंजीकरण हुआ जिनकी सदस्य संख्या 18,016 थी जब कि गत त्रैमास में 317 समितियां पंजीकृत हुई थी, जिनकी सदस्य संख्या 10,158 थी। कालांतर्गत अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि समितियों की संख्या साथ साथ सदस्य संख्या में प्रति त्रैमास क्रमशः वृद्धि हो रही है। आलोच्य त्रैमास में साख द्वारा दिये गये अग्रिम ऋण एवं वसूली में ह्रास की प्रवृत्ति दिखाई दी। विगत त्रैमास में अग्रिम ऋण के रूप में 72.82 लाख रुपये दिये गये तथा 80.15 लाख रुपये की वसूली की गई जब कि आलोच्य त्रैमास में अग्रिम ऋण के रूप में 38.23 लाख रुपया दिया गया तथा 58.52 लाख रुपयों की वसूली की गई। त्रैमास जनवरी मार्च, 1964 में 10.61 लाख रुपयों के मूल्य का क्रय एवं 9.64 लाख रुपये के मूल्य का विक्रय किया गया जब कि त्रैमास अक्टूबर-दिसम्बर, 1963 में ये आंकड़े क्रमशः 6.03 एवम् 6.47 लाख रुपये थे।

IV. औद्योगिक उत्पादन:

मुख्य उद्योगों का उत्पादन – राज्य के मुख्य उद्योगों में से अधिकांश यथा सूती वस्त्र, कांच, चीनी, विद्युतमान और सीमेंन्ट विगत त्रैमास में प्राप्त उत्पादन सार पर स्थिर नहीं रहे। उत्पादन में इस हानि को आंशिक रूप से नमक व बाल बियरिंग उद्योगों ने क्षति-पूर्ति की तथा साधारणतया मिश्रित प्रवृति दृष्टिगोचर हुई।

(i) सीमेंट के उत्पादन में 11.6 प्रतिशत की कमी हुई जो कि आवागमन के लिये रेल के डिब्बों की कमी के कारण हुई। कुशल श्रम के अभाव में कांच का उत्पादन विगत त्रैमास की तुलना में 31·7 प्रतिशत कम हुआ। भंडार में माल जमा हो जाने के कारण विद्युतमानों का उत्पादन भी 7.1 प्रतिशत से गिर गया। शक्कर का उत्पादन भी आलोच्य त्रैमास के अन्त में गन्ना पेलने के कार्य की समाप्ति के कारण 8.0 प्रतिशत कम हुआ। अनुकूल मौसम के फलस्वरूप नमक का उत्पादन दुगने से भी अधिक हुआ। बॉल बियरिंग, पोलिश तथा अन-पोलिश पत्थर तथा माइका इन्सुलेटिंग ईंटों के उत्पादन में विगत त्रैमास की तुलना में क्रमशः 20·5 प्रतिशत, 42.3 प्रतिशत तथा 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जब कि सूती वस्त्र के उत्पादन में आलोच्य त्रैमास के प्रथम दो महीनों में विगत वर्ष के सम्वादी काल की तुलना में 5.3 प्रतिशत से ह्रास हुआ। सूत का उत्पादन इसी काल में 7.9 प्रतिशत बढ़ा।

(ii) विद्युत् का उत्पादन एवं उपभोग:—आलोच्य त्रैमास के प्रथम दो महीनों में, जिनके कि आंकड़े उपलब्ध हैं विद्युत उत्पादन में ह्रास हुआ। इस काल में 14,521 किलोवाट विद्युत का उत्पादन हुआ जो कि गत त्रैमास के सम्वादी काल में उत्पादित 14,736 किलोवाट की तुलना में 1.45 प्रतिशत कम है। समीपवर्ती राज्यों से क्रय की गई विद्युत के आंकड़े उपलब्ध न होने से विद्युत उत्पादन तथा विद्युत उपभोग की तुलना नहीं की जा सकी है। इस बार भी विद्युत का सर्वाधिक उपभोग औद्योगिक कार्यों के लिये किया गया जो कि इस काल में विक्रय की गई विद्युत का 70.25 प्रतिशत था। तदक्रमानुसार घरेलू कार्यों के लिये 9.29 प्रतिशत, व्यापारिक कार्यों के लिये 6.97 प्रतिशत, सार्वजनिक जलकल व मलवाहक तथा नालियों के दर्चन के लिये 6.68 प्रतिशत

सिंचाई और कृषि कार्यों के लिये, पानी निकालने के लिये 5.03 तथा सार्वजनिक प्रकाश के लिये 1.78 प्रतिशत का उपभोग किया गया।

(iii) कोयले का वितरण:—औद्योगिक क्रिया का प्रभाव कोयले के वितरण पर भी दृष्टिगोचर हुआ, जिसकी मात्रा में आलोच्य त्रैमास में उल्लेखनीय कमी हुई। राजस्थान में गत त्रैमास में 9,165 वैगन की अपेक्षा आलोच्य त्रैमास में 8,473 वैगन कोयला विभिन्न स्त्रोतों द्वारा भेजा गया जो 7.55 प्रतिशत की कमी प्रदर्शित करता है। कोयला उपभोग करने वाले उद्योगों में अधिकतम् मात्रा अर्थात् 57.5 प्रतिशत सीमेन्ट उद्योग को वितरित की गई। तदक्रमानुसार विविध उद्योग 14.4 प्रतिशत, सूती मिलें 8.6 प्रतिशत, विद्युत प्रदाय प्रमण्डल 6.8 प्रतिशत, ईंट पकाने के भट्टे मिलित 5.8 प्रतिशत आवर्तनी तथा पीड़नी कारखाने 2.3 प्रतिशत तथा खाद्य उत्पादन आदि 2.0 प्रतिशत रहे। शेष मात्रा 2.6 प्रतिशत अभियन्त्रण एवं ढ़लाई, रसायन कार्य, काच एवं आसवनी कार्य, चीनी मिलें तथा सरकारी आवश्यकताओं के लिये वितरित की गई।

(iv) उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण:—उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण के अन्तर्गत कुछ उद्योगों से सम्बन्धित आंकड़ो की समीक्षा स्मरणिका के प्रत्येक अंक में दी जाती है। प्रस्तुत अंक में वर्ष 1961 में 5 उद्योगों अर्थात् दुग्धालय उत्पाद, शक्कर, तम्बाकू निर्माण, अन्यत्र अवर्गीकृत वस्त्र, तथा विद्युत यंत्रों के आंकड़े दिये जा रहे हैं, इन सर्वेक्षण से उपलब्ध परिणामों का उपरोक्त उद्योग. में से प्रत्येक के लिये संक्षिप्त विश्लेषण नीचे दिया गया है।

(1) दुग्धालय उत्पाद:—इस उद्योग के अन्तर्गत एक पंजीकृत कारखाना था जिसने प्रतिवेदन प्रेषित किये समस्त विनियोजित उत्पादित पूंजी 26.8 हजार रुपये थी, जिसमें से कार्यशील पूंजी 61 प्रतिशत तथा शेष स्थिर पूंजी थी। औसतन 6 व्यक्तियों को प्रतिदिन रोजगार दिया गया तथा उन्हें 5.5 हजार रुपये अर्थात् समस्त उत्पाद का 6.1 प्रतिशत दिया गया। वर्ष में 75.6 हजार रुपयों का ईंधन, कच्चा माल, औद्योगिक सेवाओं के क्रय और अन्य मदों पर व्यय किया गया, इन मदों का योग समस्त उत्पाद का 83.8 प्रतिशत है। उत्पाद व सहउत्पाद का मूल्य 90.2 हजार रुपये था। इनमें मुख्य उत्पाद घी व मक्खन रहे। निर्माण द्वारा योगिक मूल्य 13.2 हजार रुपये था जो प्रति व्यक्ति 2,200 रुपये हैं। निर्माण द्वारा योगिक मूल्य में से 41.7 प्रतिशत कर्मचारियों ने प्राप्त किये।

(2) शक्कर उद्योग:—वर्ष में इस वर्ग के अन्तर्गत 7 पंजीकृत कारखाने थे जिनमें से 6 ने प्रतिवेदन प्रेषित किये। इस प्रकार प्रत्युत्तर 86 प्रतिशत रहा।

उत्पादित पूंजी के रूप में उद्योग में कुल विनियोजन 96.39 लाख रुपये था जिसमें से स्थिर पूंजी 58.7 प्रतिशत और शेष कार्यशील पूंजी थी। उद्योग ने 1,128 श्रमिकों को और 155 अतिरिक्त व्यक्तियों को प्रतिदिन रोजगार दिया। कर्मचारियों ने 15.59 लाख रुपये या कुल उत्पाद का 10 प्रतिशत मजदूरी वेतन व अन्य लाभ के रूप में प्राप्त किया। ईंधन, कच्चा माल व औद्योगिक सेवाओं के क्रय आदि में 107.50 लाख रुपये व्यय हुआ। इन मदों का योग कुल उत्पाद का 68.7 प्रतिशत हुआ। उद्योग में 90.82 लाख रुपये के मूल्य का गन्ना उपभोग हुआ। समस्त उत्पाद की कीमत 156.43 लाख रुपये हुई, जिसमें से 18,028 टन चीनी के उत्पादन ने 145.49 लाख रुपये का योगदान दिया। निर्माण द्वारा 46.44 लाख रुपये के मूल्य (शुद्ध) की वृद्धि की गई जिसमें प्रति कर्मचारी योग 3,630 रहा।

(3) तम्बाकू निर्माण:–19 पंजीकृत कारखानों में से आलोच्य आंकड़े 18 कारखानों से सम्बन्धित हैं। इस प्रकार प्रत्युत्तर 95 प्रतिशत रहा। कुल उत्पादित पूंजी के रूप में 6.31 लाख रुपया विनियोजित किया गया, जिसमें से 5.85 लाख रुपये का विनियोग केवल कर्मशील पूंजी पर किया गया। प्रति कारखाना उत्पादित पूंजी 35.1 हजार रुपये थी। प्रतिदिन 625 व्यक्तियों को रोजगार दिया गया। जिसमें 563 श्रमिक थे, और उनको 3.23 लाख रुपये या समस्त उत्पाद का 11.8 प्रतिशत मजदूरी, वेतन आय, अन्य लाभों के रूप में दिया गया। उद्योग ने 22.42 लाख रुपये ईंधन, कच्चा माल, औद्योगिक सेवाओं के क्रय और अन्य मदों पर जो यातायात, ब्याज आदि पर व्यय किया। समस्त उत्पाद का कुल मूल्य 27.31 लाख रुपये था निर्माण द्वारा जोड़ा गया शुद्ध मूल्य 4.85 लाख रुपये था जिसमें से कर्मचारियों ने लगभग 66.6 प्रतिशत प्राप्त किये।

(4) अन्यत्र अवर्गीकृत वस्त्र उद्योग:–154 पंजीकृत कारखानों में से 110 कारखानों अर्थात् 71 प्रतिशत से प्रतिवेदन प्राप्त हुए।

उद्योग द्वारा लगाई गई कुल उत्पादित पूंजी 134.63 लाख रुपये थी। जिसमें से 66.8 प्रतिशत स्थिर पूंजी और शेष कार्यशील पूंजी थी औसतन उद्योग ने प्रतिदिन 3,380 श्रमिकों और 528 अन्य व्यक्तियों को रोजगार दिया, कुल श्रमिकों में लगभग 26 प्रतिशत स्त्रियां थीं तथा 45.7 प्रतिशत व्यक्तियों को ठेकेदारों के द्वारा काम पर लगाया गया। उद्योग ने अपने कर्मचारियों को मजदूरी, वेतन व अन्य लाभ के रूप में 16.22 लाख रुपये या समस्त उत्पाद का 5.5 प्रतिशत दिया। उद्योग ने 9.62 लाख रुपये के मूल्य का ईंधन उपभोग किया, तथा कच्चा माल और औद्योगिक सेवाओं के क्रय में 254.27 लाख रुपये और अन्य मदों पर जैसे यातायात और संचालकों की फीस आदि पर 7.54 लाख रुपये व्यय किया। इन मदों का योग सकल उत्पाद का 91.4 प्रतिशत था। कुल उत्पाद का मूल्य 296.59 लाख रुपये था। निर्माण द्वारा जोड़ा गया मूल्य कुल उत्पाद का 20.28 लाख रुपये या 6.8 प्रतिशत था जो प्रति सेवायुक्त व्यक्ति 519 रुपये निकाला गया।

(5) विद्युतीय यंत्र:–आलोच्य वर्ष में इस वर्ग के अन्तर्गत 5 पंजीकृत कारखाने थे और सभी ने प्रतिवेदन प्रेषित किए।

समस्त उत्पादित पूंजी के रूप में 82.48 लाख रुपये विनियोजित किए थे, सभी में 80 प्रतिशत से अधिक स्थिर पूंजी थी।

औसत 1,228 व्यक्तियों को प्रतिदिन रोजगार मिला और 23.67 लाख या कुल उत्पाद का 12.8 प्रतिशत उन्हें मजदूरी वेतन और दूसरे लाभों के रूप में दिया गया । उद्योग ने कच्चे माल में 129.06 लाख रुपये, का ईंधन में 2.98 लाख रुपये का उपभोग किया । 11.61 लाख रुपये यातायात, व्याज संचालकों की फीस आदि पर व्यय किये गये । जब कि 1,700 रुपये अन्य प्रतिष्ठानों को कार्य करने हेतु दिये गये । इन सब का योग कुल उत्पाद का 77.8 प्रतिशत हुआ । मुख्य कच्चा माल, तांबा, पीतल के सामान और स्थाई चुम्बक थे । उत्पाद व सहउत्पाद का मूल्य 170.46 लाख रुपये था 4.18 लाख रुपये अन्य प्रतिष्ठानों के लिये कार्य करने से प्राप्त किये । मुख्य उत्पाद तार, विद्युतमान व लोहनली थे । इसके अतिरिक्त अर्ध निर्मित वस्तुओं का शुद्ध मूल्य 10.01 लाख रुपये था । उद्योग ने निर्माण के रूप में 30·29 लाख रुपये का योग दान दिया। शुद्ध उत्पादन प्रति सेवा युक्त व्यक्ति 2,467 रुपये था ।

V. श्रम स्थिति :

(i) औद्योगिक विवाद:—आलोच्य त्रैमास में औद्योगिक सम्बन्ध बिगड़े हुए रहे। इस काल में 21 औद्योगिक विवाद अंकित किये गये जिनमें 6,502 श्रमिक प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए, इन विवादों के परिणामस्वरूप 5,331 मानव दिवसों की हानि हुई जब कि विगत त्रैमास में 6 औद्योगिक विवादों में 1,691 श्रमिक प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए और 26,021 मानव दिवसों की हानि हुई ।

(ii) निर्माणी दुर्घटनाएं:—निर्माणी दुर्घटनाओं की कमी इस तथ्य की द्योतक है कि फैक्ट्री एक्ट के प्रावधानों को प्रभावशाली ढंग से लागू किया जा रहा है। सुरक्षात्मक उपायों के अपनाये जाने के परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं की संख्या में कमी हुई । आलोच्य त्रैमास में 538 दुर्घटनाएं हुई जबकि विगत त्रैमास में 561 दुर्घटनाएं हुई थीं, जो कि 4.1 प्रतिशत कमी को प्रदर्शित करती है ।

(iii) श्रमिक संघ:—राज्य में श्रमिकों तथा सेवायोजकों के मध्य स्वस्थ सम्बन्धों के विकास में श्रमिक संघ आन्दोलन का योग महत्वपूर्ण है, और श्रमिकों के असंतोष को दूर करने में इसे महत्वपूर्ण साधन के रूप में माना जायगा । यद्यपि विगत त्रैमास में 36 नये संघों (सदस्य संख्या 6,508) का पंजीकरण हुआ था, आलोच्य त्रैमास में 33 संघों का पंजीकरण (सदस्य संख्या 3,677) हुआ तथापि आन्दोलन के दृढ़तर होने के चिन्ह स्पष्ट दिखाई दिये । आलोच्य त्रैमास में कोई भी संघ विलोपित नहीं किया गया, जबकि विगत त्रैमास में 61 श्रमिक संघों (सदस्य संख्या 9,960) को विलोपित किया गया था, श्रमिक संघों की कुल संख्या मार्च, 1964 के अन्त तक 385 थी, जिनकी सदस्य संख्या 65,369 थी जब कि दिसम्बर, 1963 के अन्त में इनकी संख्या 352 थी जिनकी सदस्य संख्या 61,692 थी ।

VI. राज्य बीमा:

राज्य बीमा के क्षेत्र में निरन्तर वृद्धि की प्रवृत्ति दृष्टिगोचर हुई । गोपलेखों की संख्या जो कि गत त्रैमास में 1.63 लाख थी । आलोच्य त्रैमास में बढ़ कर 1.67 लाख हो गई । गोपलेखों की संख्या में वृद्धि के फलस्वरूप प्रगोपित राशि भी 2,869 लाख रुपये से बढ़ कर 2,993 लाख रुपये हो गई जो कि 4.3 प्रतिशत की वृद्धि इंगित करती है । इसी प्रकार प्रव्याजित आय भी विगत त्रैमास में 26.1 लाख रुपये से बढ़ कर 27.8 लाख रुपये हो गई। जो कि 6.5 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करती है । आलोच्य त्रैमास में 619 अभ्यर्थनाओं का भुगतान किया गया जब कि विगत त्रैमास में 712 अभ्यार्थनाओं का भुगतान किया गया था । आलोच्य त्रैमास में भुगतान किये गये 619 में से 146 भुगतान मृत्यु के कारण, 354 भुगतान परिपक्वता के कारण और 119 भुगतान समर्पित एवं प्रदत्त किए जाने के कारण हुए । इन अभ्यर्थनाओं में कुल 4·5 लाख रुपया भुगतान किया गया ।

VII. राज्य वित्त:

आलोच्य त्रैमास में 27.44 करोड़ रुपये या वर्ष के अनुमानित राजस्व का 41.54 प्रतिशत राज्य-कोष में जमा हुआ जब कि गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में 24.70 करोड़ रुपया जमा हुआ था, जो कि 1962-63 के संशोधित अनुमानित राजस्व का 40.75 प्रतिशत था । इस प्रकार अतिरिक्त वसूली में गत वर्ष के सम्वादी काल की अपेक्षा आलोच्य त्रैमास में 2.74 करोड़ रुपये या 11.09 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

आलोच्य त्रैमास में कुल प्राप्त राजस्व राज्य कर 10.52 करोड़ रुपया या 38·34 प्रतिशत का योगदान रहा। राजस्व के प्रमुख स्रोत अर्थात् भू-राजस्व, राज्य आबकारी, बिक्री कर एवं अन्य कर तथा प्रभार (जिसमें स्टाम्प व पंजीकरण व मोटर गाड़ी अधिनियम द्वारा प्राप्त कर आदि सम्मिलित है) के द्वारा कुल राजस्व कर में क्रमशः 37.52, 19.02, 28.99 एवं 14.47 प्रतिशत का योगदान रहा । सिविल प्रशासन से प्राप्त राजस्व के अतिरिक्त, केन्द्रीय सरकार द्वारा लगाए करों में भाग एवं अनुदान से क्रमशः 1.45 करोड़, 5.46 करोड़ एवं 7.28 करोड़ रुपये प्राप्त हुए । राज्य करों, सिविल प्रशासन से प्राप्त राजस्व से राजस्व केन्द्रीय करों में अंश तथा अनुदानों से हुई आय में गत वर्ष के सम्वादी काल की तुलना में क्रमशः 5.89, 16.32, 9.14, तथा 18.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई । आलोच्य त्रैमास में 25.71 करोड़ रुपये का व्यय हुआ जो कि गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में व्यय हुए 21.46 करोड़ रुपये से 19.80 प्रतिशत अधिक था। आलोच्य त्रैमास में वर्ष के कुल आय व्ययक अनुमान का 38.87 प्रतिशत व्यय हुआ । इसके विपरीत गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में वर्ष 1962-63 के संशोधित अनुमानों का 35.97 प्रतिशत व्यय हुआ था ।

आलोच्य त्रैमास में राजस्व उपार्जन करने वाले विभागों सिविल प्रशासन, सिविल कार्यो एवं सामुदायिक विकासों एवं स्थानीय विस्तार सेवाओं पर कुल व्यय का क्रमशः 4.21, 50.33, 2.93, एवं 4·88, प्रतिशत व्यय हुआ जबकि उपरोक्त मदों पर गत वर्ष के संवादी काल में कुल व्यय का क्रमशः 4.86, 55.79, 1.98, एवं 5.06, प्रतिशत व्यय हुआ। यद्यपि आलोच्य त्रैमास में अनुदान के साथ साथ व्यय भी बढ़ा तथापि गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में 3.23, करोड़ रुपयों की बचत की तुलना में आलोच्य त्रैमास में 1.73, करोड़ रुपये की बचत हुई

VIII. मूल्य स्थितिः

प्रतिकूल मौसम के कारण रबी फसल असफल होने से खाद्यान्न के मूल्यों में वृद्धि हुई, जिसने सामान्य मूल्य स्तर की वृद्धि में योग दिया। आलोच्य त्रैमास के मध्य में मूल्यों में अधिक चढ़ाव रहा। जो कि मूल्यों में अध्ययनगत त्रैमास के अन्तिम माह में हुई कमी के कारण आंशिक रूप से निरस्त हो गया। आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय जयपुर द्वारा तैयार किया गया त्रैमास समाप्ति मार्च, 1964, में थोक मूल्यों का औसत व्यापक सूचकांक (आधार वर्ष 152—53=100) 145.0 था जो गत त्रैमास में 136.3, था। इस प्रकार 6.4, प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित होती है। गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास की तुलना में यह वृद्धि और भी अधिक थी जो कि 18.6 प्रतिशत रही क्यों कि उस काल में सूचकांक 122.3 के स्तर पर था।

यद्यपि व्यापक सूचकांक में यह वृद्धि मुख्यतः खाद्यान्न वर्ग के कारण हुई तथापि "निर्मित पदार्थ वर्ग" तथा "ईंधन शक्ति" एवं उप-स्नेहक वर्गो का भी इस वृद्धि में योग रहा। इसके विपरीत औद्योगिक कच्चा माल वर्ग के सूचकांक में कमी हुई, जिसने उपरोक्त वृद्धि को एक अंश तक निरस्त किया।

अध्ययनगत त्रैमास में सूचकांक की मासिक प्रवृत्ति के अध्ययन से ज्ञात होता है कि थोक मूल्यों का व्यापक सूचकांक जो दिसम्बर, 1963, में 139, था, जनवरी, 1964, में 142, तथा फरवरी, 1964, में 148, तक अग्रसर हुआ परन्तु मार्च, 1964, में 145, तक नीचे आया। दिसम्बर, 1963, की तुलना में जनवरी, व फरवरी, 1964, में यह वृद्धि मुख्यतः खाद्यान्न वर्ग के सूचकांक में वृद्धि के कारण हुई जोकि दिसम्बर, 1963, की तुलना में क्रमशः 2.8 तथा 8.4 प्रतिशत बढ़ी। ईंधन शक्ति व उप-स्नेहक एवं विविध वर्ग ने भी व्यापक सूचकांक की वृद्धि में सहायता की।

खाद्य पदार्थो के सूचकांक का विश्लेषण करने से प्रकट होता है कि इस वर्ग के अधिकांश पदार्थो के मूल्यों ने अग्रसर होने की प्रवृत्ति दिखाई। खाद्य पदार्थो का सूचकांक जनवरी, 1964, में 147, तक बढ़ा एवं फरवरी 1964, में और भी बढ़ कर 155 हो गया तत्पश्चात् सूचकांक की प्रवृत्ति में परिवर्तन हुआ और मार्च, 1964, में कम हो कर 151, हो गया। अध्ययन गत त्रैमास में गत त्रैमास की अपेक्षा खाद्य पदार्थो के औसत सूचकांक में 8·4 प्रतिशत की वृद्धि हुई एवं विगत वर्ष के सम्वादी त्रैमास की तुलना में 24.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अपर्याप्त वर्षा के कारण फसलें विफल हुई, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के कुछ भागों में अभाव की स्थिति, खाद्य पदार्थो के मूल्य वृद्धि का प्रमुख कारण है।

यद्यपि वर्ग के अन्तर्गत लगभग सभी वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि हुई तथापि चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, चना, तिल का तेल, सरसों का तेल एवं चीनी के भाव अपेक्षाकृत अधिक बढ़े। जिसके सूचकांक दिसम्बर, 1963 में क्रमशः 82, 110, 122, 121, 99, 146, 132, 185, एवं 133, से बढ़कर मार्च, 1964, में क्रमशः 91, 133, 133, 134, 111, 162, 149, 211, एवं 142, हो गये जो क्रमशः 11.0, 20.9, 9.0, 10.7, 11.2, 11.0, 12.9, 4.1, एवं 5.2 प्रतिशत की वृद्धि प्रकट करते हैं।

यह वृद्धि घी, वनस्पति एवं गुड़ के सूचकांकों द्वारा निरस्त की गई जो 150, 167, एवं 341 से घट कर 141, 161, तथा 313 हो गई। अध्ययन गत त्रैमास में ईंधन शक्ति तथा उप-स्नेहवर्ग के औसत सूचकांक में केवल 1. अंक की वृद्धि हुई जब कि विगत त्रैमास में 128, की तुलना में 129, हो गया इस प्रकार 0.8, प्रतिशत की वृद्धि अंकित की। मिट्टी के तेल का सूचकांक जो दिसम्बर, 1963, में 129, से बढ़कर मार्च, 1964, में 135, हो गया इस वृद्धि के लिए उत्तरदायी है।

निर्मित पदार्थ वर्ग का सूचकांक जनवरी, 1964, में 123, अंकित किया गया था जो फरवरी, 1964, में नगण्य रूप से कम होकर 122, हो गया; किन्तु बढ़कर मार्च, 1964, में फिर 124, हो गया। इस प्रकार आलोच्य त्रैमास में इस वर्ग का औसत सूचकांक 123. पर अंकित किया गया जो कि गत त्रैमास की तुलना में 1.1. प्रतिशत और विगत वर्ष के सम्वादी काल की तुलना में 4.2, प्रतिशत अधिक है। यह नगण्य वृद्धि पीतल की चादरें, हस्तकर्घा एवं खादी, सूती वस्त्र उत्पाद एवं ऊनी कपड़े के सूचकांक में वृद्धि होने से हुई जिनका सूचकांक दिसम्बर, 1963, में क्रमशः 138, 102, 112, एवं 161, से बढ़कर मार्च, 1964, में 142, 107, 115, एवं 190, हो गया। यह वृद्धि लोह, पीतल एवं बाल-बियरिंग तथा पट्टी चूना द्वारा आंशिक रूप से निरस्त की गई।

औद्योगिक कच्चा माल वर्ग में आलोच्य त्रैमास में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव अंकित किये गये। यह सूचकांक जनवरी, 1964, में 144. था जो कि फरवरी, 1964, में बढ़कर 151, हो गया किन्तु मार्च, 1964, में कम होकर 140, हो गया। त्रैमासिक औसत सूचकांक विगत त्रैमास में 147.0, और गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में 146.7, से घट कर आलोच्य त्रैमास में 145.0, हो गया जो क्रमशः 1.4, एवं 1.2, प्रतिशत का ह्रास इंगित करता है। फरवरी, 1964, में वर्ग सूचकांक की उल्लेखनीय वृद्धि के लिये कच्ची रुई, कच्ची ऊन, मूंगफली और बिनौला मुख्य रूप से उत्तरदायी हैं और इन्हीं

पदार्थों के मूल्यों में कमी होने के कारण आलोच्य त्रैमास के अंतिम माह में सूचकांक में उल्लेखनीय ह्रास हुआ।

IX. सोना चांदी का भाव :-

स्वर्ण नियंत्रण नियम के लागू रहने से केवल 14 केरट सोने के सौदों की अनुमति थी। अध्ययन गत त्रैमास में जयपुर में सोने के भावों में तेजी की प्रवृति दृष्टिगोचर हुई क्योंकि इस काल में सोने का भाव 6.95 प्रति ग्राम था जब कि गत त्रैमास में 6.40 प्रति ग्राम था। अधिकतम भाव 7.15 रु० प्रति ग्राम मार्च, 1964 में एवं न्यूनतम भाव 6.80 रु० प्रति ग्राम जनवरी, 1964 में अंकित किया गया। चांदी के भावों ने भी निरन्तर वृद्धि की प्रवृति दिखाई जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि चांदी गट्टी का औसत मूल्य आलोच्य त्रैमास में 25.31 रु० प्रति 100 ग्राम रहा जबकि विगत त्रैमास में 28.34 रु० प्रति 100 ग्राम था। आलोच्य त्रैमास में चान्दी का मूल्य जनवरी, 1964 में ही अधिकतम व न्यूनतम क्रमशः 26.15 रु० प्रति सौ ग्राम एवं 24.52 रु० प्रति 100 ग्राम के बीच सिमित रहा।

X. श्रमिक उपभोक्ता भाव सूचकांक :

फुटकर बाजार ने थोक भावों की प्रवृति के अनुरूप तत्क्षण प्रतिक्रिया की तथा विभिन्न उपभोक्ता सामान एवं सेवाएं महंगी हो गई। यह कथन इस तथ्य से स्पष्ट है कि अजमेर एवं ब्यावर के श्रमिक वर्ग के उपभोक्ता भाव सूचकांक संचालक, श्रम केन्द्र, शिमला द्वारा निर्मित तथा जयपुर केन्द्र के लिये संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी, राजस्थान, जयपुर द्वारा निर्मित, ने वृद्धि की प्रवृति प्रारम्भ रखी। सामान्य सूचकांक की इस अग्रसर होने की प्रवृति में प्रमुख रूप से खाद्य पदार्थ ने योग दान दिया।

इन सूचकांकों का केन्द्रानुसार अध्ययन निम्न प्रकार है :—

अजमेर:-(स्थानान्तरित आधार वर्ष 1949 = 100) अजमेर केन्द्र का व्यापक सूचकांक त्रैमास एवं गत वर्ष के संवादी काल के क्रमशः 123.7 एवं 110.7 से बढ कर 125.0 तक अग्रसर हुआ जिससे क्रमशः 1.4 प्रतिशत तथा 12.9 प्रतिशत की वृद्धि इंगित हुई। व्यापक सूचकांक जनवरी, 1964 में 125 से बढकर फरवरी, 1964 में 126 हो गया किन्तु मार्च, 1964 में 124 तक घट गया। वर्ग सूचकांकों में खाद्य एवं विविध वर्ग क्रमशः 1.9 प्रतिशत एवं 0.5 की वृद्धि की ओर अग्रसर हुए। सर्वदा की भांति मकान किराया वर्ग स्थिर रहा तथा ईंधन व प्रकाश एवं कपड़े, बिस्तर एवं जूते वर्ग विगत त्रैमास की तुलना में 2.3 प्रतिशत एवं 0.8 प्रतिशत कम हो गया। गत वर्ष के संवादी त्रैमास की तुलना में खाद्यान्न वर्ग 16.8 प्रतिशत से, कपड़े जूते एवं बिस्तर 24.5 प्रतिशत से एवं ईंधन व प्रकाश 4.4 प्रतिशत से बढ़ा जब कि विविध वर्ग को 0.5 प्रतिशत की क्षति हुई।

ब्यावर:-(आधार वर्ष समाप्ति जुलाई, 1952 = 100) अजमेर केन्द्र की प्रवृति की सहानुभूति में ब्यावर का सामान्य सूचकांक आलोच्य त्रैमास में 128.7 एवं गत त्रैमास में 113.7 की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ा। गत वर्ष के संवादी-त्रैमास की तुलना में 24.01 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि अभिलिखित की गई। जबकि व्यापक सूचकांक 103.7 था। खाद्यान्न, कपड़े, जूते एवं बिस्तर तथा विविध वर्ग भी क्रमशः 13.1, 14.3 एवं 4.5 प्रतिशत से उन्नत हुआ जब कि ईंधन एवं प्रकाश ने विगत त्रैमास में 0.7 प्रतिशत का आंशिक ह्रास प्रदर्शित किया। जब गत वर्ष के संवादी त्रैमास से तुलना की गई तो भोजन, ईंधन एवं प्रकाश, कपड़े बिस्तर व जूते एवं विविध वर्ग में क्रमशः 33.0, 3.0, 22.4 एवं 12.7 प्रतिशत की उल्लेखनीय उन्नति अभिलिखित की। मकान किराया वर्ग सर्वदा की भांति अपरिवर्तित रहा।

जयपुर:-(आधार 1955-56=100) जयपुर के व्यापक सूचकांक ने भी उपभोज्य भावों की सर्वव्यापी वृद्धि प्रवृति के अनुरूप उल्लेखनीय वृद्धि अंकित की। जयपुर का व्यापक सूचकांक गत त्रैमास में 142.0 एवं विगत वर्ष के संवादी त्रैमास में 127.3 के विपरीत, चालू त्रैमास में 151.7 पर रहा, जिससे क्रमशः 6.8 एवं 19.1 प्रतिशत की वृद्धि अभिलिखित होती है। व्यापक सूचकांक की मासिक स्थिति से ज्ञात होता है कि दिसम्बर सूचकांक १९६३ में 145 से बढ़कर जनवरी, 1964 में 151 तक अग्रसर हुआ। व्यापक सूचकांक की वृद्धि प्रवृति चालू रही एवं फरवरी, 1964 में 154 हो गया किन्तु खाद्य पदार्थों के भावों में गिरावट के कारण मार्च, 1964 में यह 150 पर उतर आया। पुनः व्यापक सूचकांक में वृद्धि खाद्यान्न वर्ग के कारण हुई जिसमें विगत त्रैमास की तुलना में 9.3 प्रतिशत की उन्नति हुई। अन्य वर्गों ने भी वृद्धि युक्त व्यापक सूचकांकों में योग-दान दिया, क्योंकि ईंधन व प्रकाश, कपड़े बिस्तर व जूते तथा विविध वर्ग के सूचकांक की विगत त्रैमास में तुलना करने पर क्रमशः 2.2, 2.5 एवं 0.8 प्रतिशत बढ़े। विगत वर्ष के सम्वादी त्रैमास की तुलना में खाद्यान्न ईंधन व प्रकाश एवं विविध वर्ग में 32.0, 7.4 एवं 2.2 प्रतिशत से वृद्धि अंकित की, जबकि कपड़े, बिस्तर व जूते वर्ग में 5.1 प्रतिशत का लाभ हुआ। मकान किराया वर्ग सर्वदा की भांति अपरिवर्तित रहा।

XI. रोजगार स्थिति :

रोजगार कार्यालयों से प्राप्त आंकड़ों से विदित होता है कि आलोच्य त्रैमास में रोजगार स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ, क्योंकि विगत त्रैमास में रोजगार कार्यालयों की चालू पंजी में संख्या 52,973 से आलोच्य त्रैमास में 50,293 तक घट गई जो कि 5.06 प्रतिशत की कमी व्यक्त करती है। सूचित रिक्त स्थानों की संख्या विगत त्रैमास में 6,370 से बढ़कर आलोच्य त्रैमास में 7,310 हो गई एवं उसी काल में काम दिलाये गये प्रार्थियों की संख्या 4,096 से 4,844 हो गई जिनसे प्रतीत होता है कि सूचित रिक्त स्थानों की संख्या एवं काम दिलाये गये व्यक्तियों की संख्याओं में क्रमशः 14.76 एवम् 18.26

प्रतिशत से उल्लेखनीय वृद्धि अभिलिखित की। आलोच्य त्रैमास में नये पंजीकरणों की संख्या में वृद्धि हुई। आलोच्य त्रैमास में 27,339 नये पंजीकरण किये गये जबकि विगत त्रैमास में 25,394 नये पंजीकरण किये गये थे, जिससे 7.66 प्रतिशत की वृद्धि इंगित होती है।

रोजगार कार्यालयों द्वारा नियोजन करने वाले सेवायोजकों की विगत त्रैमास में संख्या 1,418 के विपरीत आलोच्य त्रैमास में 1,594 हो गई। इससे 12.41 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित हुई।

XII. सामुदायिक विकास :

अक्टूबर, 1963 में 12 प्रथम चरण विकास खण्ड के द्वितीय चरण विकास खण्ड में परिवर्तन होने के साथ साथ सम्पूर्ण राज्य 22 पूर्व विस्तार खण्ड, 98 प्रथम चरण तथा 112 द्वितीय चरण विकास खण्डों के अन्तर्गत आ गया। 206 पंचायत समितियों से प्राप्त प्रतिवेदनों के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य त्रैमास में 55,908 क्विन्टल खाद, 1,22,981 क्विन्टल उन्नत बीज, 19,929 उन्नत औजार वितरित किये गये तथा 10,045 कृषि प्रदर्शन आयोजित किये गये। बीज के वितरण तथा कृषि प्रदर्शन में असाधारण वृद्धि रबी फसल की बोनी के कारण हुई। पशुपालन योजना के अन्तर्गत 1,461 उन्नत पशु तथा 6,444 उन्नत पक्षी वितरित किये गये जबकि गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में 682 उन्नत पशु तथा 3,798 उन्नत पक्षी वितरित किये गये थे। ग्राम्य क्षेत्रों में सहकारी आन्दोलन प्रगति पर था। आलोच्य त्रैमास में 231 सहकारी समितियां जिसमें 24,745 सदस्य थे, गठित की गई जो गत त्रैमास तथा गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास, दोनों की तुलना में अधिक थी। 2,790 कुओं के निर्माण से सिंचाई सुविधाएं बढ़ी, जिससे 13,063 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की गई। संचार के अन्तर्गत 559 किलोमीटर सड़कों का निर्माण और सुधार किया गया। साक्षरता कार्यक्रम के क्षेत्र में प्रशंसनीय प्रगति अवलोकित की गई। क्योंकि आलोच्य त्रैमास में 2,531 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र खोले गये तथा 13,959 प्रौढ़ शिक्षित किये गये। 156 शौचालयों तथा 288 पेय जल कूपों के निर्माण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई गईं। इनके अतिरिक्त 2,694 व्यक्तियों की सदस्यता के 144 युवकमण्डल तथा 514 महिलाओं की सदस्यता के 125 महिला मण्डल चालू त्रैमास में खोले गये।

XIII. तृतीय पंचवर्षीय योजना :

तृतीय पंचवर्षीय योजना के तीसरे वर्ष 1963-64 के लिए मूल आवन्टन 34.63 करोड़ रुपये का किया गया था जिसको 34.50 करोड़ रुपये तक सीमित रखना था। चालू वर्ष के योजना आवन्टनों में से अधिकतम धन अर्थात् 18.92 करोड़ रुपये सिंचाई एवम् शक्ति क्षेत्र के लिए निश्चित किये गये थे। तदनुसार समाज सेवा के लिए 7.16 करोड़, सहकारिता एवम् सामुदायिक विकास के लिए 3.35 करोड़, कृषि कार्यक्रमों के लिए 3.01 करोड़, परिवहन एवं संचार के लिए 1.26 करोड़ तथा उद्योग तथा खनिजकर्म के लिए 0.77 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया।

आलोच्य त्रैमास में कुल व्यय 11.12 करोड़ रुपये हुआ जो कि चालू वर्ष के आवन्टन का 32.12 प्रतिशत होता है। गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में 16.08 करोड़ रुपये का किये गये व्यय की अपेक्षा आलोच्य अवधि में कम व्यय किया गया। इसका कारण सम्भवतः अपूर्ण प्रतिवेदन है। वर्ष 1963-64 में पूर्ण आवन्टन का 29.83 करोड़ अथवा 86.14 प्रतिशत कम व्यय किया जो कि प्राप्त प्रतिवेदन से प्रकट है। गत त्रैमास की तुलना में आवन्टन के प्रतिशत व्यय की दृष्टि से आलोच्य त्रैमास में प्रगति उत्साहवर्धक रही। विविध मदों ने अधिकतम व्यय अर्थात् 58.12 प्रतिशत लेखांकित किया। तदनुसार सहकारी एवं सामुदायिक विकास 46.56 प्रतिशत, यातायात एवं संचार 43.18 प्रतिशत, कृषि कार्यक्रम 34.26 प्रतिशत, सिंचाई एवं शक्ति 30.76 प्रतिशत, सामाजिक सेवाएं 26.54 प्रतिशत तथा उद्योग एवम् खनिजकर्म 22.53 प्रतिशत रहा।

XIV. अपराध स्थिति :

आलोच्य त्रैमास में राज्य की अपराध स्थिति में और अधिक सुधार हुआ क्योंकि विगत त्रैमास में अभिलिखित 6,938 अपराधों की तुलना में आलोच्य त्रैमास में अपराधों की संख्या घट कर 6,840 हो गई जिससे 1.41 प्रतिशत की कमी दृष्टिगोचर हुई।

कुल अपराधों की संख्या 6,840 में से अधिकतर (33.42 प्रतिशत) अपराध विविध अपराध वर्ग में थे। तदनुसार सेंधमारी (25.64 प्रतिशत), अन्य चोरियां (22.27 प्रतिशत), पशु चोरी (6.04 प्रतिशत), उपद्रव (4.39 प्रतिशत) बालापहरण एवम् अपहरण (4.08 प्रतिशत), लूटमार (2.24 प्रतिशत), हत्या (1.6 प्रतिशत) तथा डकैती (0.32 प्रतिशत) थे।

विगत त्रैमास की तुलना में हत्या, अपहरण, बालापहरण तथा सेंधमारी के अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई किन्तु अन्य अपराधों जैसे अन्य चोरी, पशु चोरी, उपद्रव एवम् लूटमार तथा डकैती आदि की संख्या में आलोच्य त्रैमास में विगत त्रैमास की अपेक्षा कमी प्रतीत हुई। निम्न सारिणी में अपराधों की जिलावार संख्या वर्गानुसार दी गई है।

सूचित अपराध संख्या वर्ग	त्रैमास समाप्ति दिसम्बर, 1963		त्रैमास समाप्ति मार्च, 1964	
	जिले का नाम	आवृति	जिले का नाम	आवृति
1	2	3	4	5
600 से अधिक	1. जयपुर 2. गंगानगर	2	1. जयपुर 2. गंगानगर	2

1	2	3	4	5
500 से 600	—		—	–
400 से 500	1. कोटा 2. उदयपुर 3. भरतपुर	3	1. अजमेर 2. भरतपुर 3. कोटा 4. उदयपुर	4
300 से 400	1. अजमेर 2. चितौड़गढ़ 3. अलवर 4. स० माधोपुर	4	1. भीलवाड़ा 2. अलवर 3. चितौड़गढ़	3
200 से 300	1. भीलवाड़ा 2. झालावाड़ 3. नागौर 4. जोधपुर	4	1. बून्दी 2. पाली 3. जोधपुर 4. स० माधोपुर 5. सीकर 6. नागौर	6
100 से 200	1. बांसवाड़ा 2. बाडमेर 3. बीकानेर 4. बून्दी 5. चूरू 6. झुन्झुनू 7. टोंक 8. पाली 9. सीकर	9	1. बांसवाड़ा 2. झालावाड़ 3. बीकानेर 4. चूरू 5. टोंक 6. झुन्झुनू	6
50 से 100	1. डूंगरपुर 2. सिरोही 3. जालोर	3	1. डूंगरपुर 2. जालौर 3. सिरोही 4. बाड़मेर	4
0 से 50	1. जैसलमेर	1	1. जैसलमेर	1
	योग ..	26	योग ..	26

उपरोक्त सारिणी से यह स्पष्ट है कि अधिकतर अपराध जयपुर तथा गंगानगर में अभिलिखित हुए, जिनकी संख्या क्रमशः 920 तथा 640 थी। समस्त जिलों का अन्तर परिवर्तन एक वर्ग से दूसरे वर्ग में एक वर्ग नीचे या एक वर्ग ऊंचे तक सीमित रहा। अजमेर, भीलवाड़ा, बून्दी, पाली तथा सीकर जिले अगले उच्च वर्ग की ओर अग्रसर हुए, जब कि सवाई माधोपुर, झालावाड़ और बाड़मेर जिलों ने अगले निम्नवर्ग में स्थिति परिवर्तित की। जयपुर, गंगानगर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अलवर, चितौड़गढ़, जोधपुर, नागौर, बांसवाड़ा, बीकानेर, चूरू, झुन्झुनू, टोंक, डूंगरपुर, जालौर, सिरोही तथा जैसलमेर जिलों में स्थिति पूर्ववत् रही। अर्थात् अपराध वर्ग 100=200 तथा 200=300 में जिलों की सर्वाधिक संख्या 6 रही।

———

DIRECTORATE OF ECONOMICS & STATISTICS

GOVERNMENT OF RAJASTHAN

List of Publications

(Priced Publications)

	Price per copy Rs. P.
*1. Basic Statistics, 1956	1·00
*2. Basic Statistics, 1957	1·00
*3. Basic Statistics, 1958	1·00
*4. Basic Statistics, 1959	1·00
*5. Basic Statistics, 1960	1·00
*6. Basic Statistics, 1961	1·00
7. Basic Statistics, 1962	1·50
8. Basic Statistics, 1963	0·75
*9. Statistical Atlas, Rajasthan	7·50
10. Statistical Abstract, 1958	7·50
11. Statistical Absttract, 1959	7·50
12. Statistical Abstract, 1960	7·50
13. Statistical Abstract, 1961	10·00
14. Statistical Abstract, 1962	10·00
15. Statistical Abstract—Special	2·00
16. Industrial Structure of Rajasthan, 1958	3·00
17. Industrial Structure of Rajasthan, 1959	3·00
18. Industrial Structure of Rajasthan 1960	3·00
FIRST FIVE YEAR PLAN—AN APPRAISAL	
*19 Agriculture & Community Development	0·50
20 Irrigation	0·50
*21 Power	0·50
*22 Roads and Transport	0·50
*23 Social Services	0·50
SECOND FIVE YEAR PLAN	
*24 Progress Report, 1956-57	3·00
*25 Progress Report, 1957-58	3·00
26 Progress Report, 1958-59	3·00
27 Progress Report, 1959-60	3·00
28 Progress Report, 1956-61	5·00
*29 Quarterly Progress Report, June, '57	1·00
*30 Quarterly Progress Report, Sept, '57	1·00
*31 Quarterly Progress Report, Dec., '57	1·00
*32 Quarterly Progress Report, June, '59	1·00
*33 Quarterly Progress Report, Sept., '59	1·00
*34 Quarterly Progress Report, Dec., '59	1·00
35 Quarterly Progress Report. Sept., '60	1·00
36 Quarterly Progress Report, Dec., '60	1·00
37 A Decade of Planned Economy	0·25
38 A Decade of Planned Economy (Hindi)	0·25
THIRD FIVE YEAR PLAN	
39 Quarterly Progress Report, June, '61	1·00
40 Quarterly Progress Report, Sept., '61	1·00
41 Quarterly Progress Report, Dec., '61	1·00
42 Plan Progress Report, 1991-62	3·00
43 Plan Progress Report, 1962-63	3·00
44 Quarterly Digest of Economics & Statistics (Annual Subscription) Complete Vols. I, II. III, IV, V, VI VII. VIII (1, 2, 3 and 4)	12·00
Vol. IX (l) Each No.	3·00

*Out of Stock

(For official use only)

1. Rajasthan's Budget Study, 1959-60
2. Rajasthan's Budget Study, 1960-61
3. Rajasthan's Budget Study, 1961-62
4. Rajasthan's Budget Study, 1962-63
5. Rajasthan's Budget Study, 1963-64
6. Rajasthan's Budget Study, 1964-65

SECOND FIVE YEAR PLAN

7. Monthly Progress Report for the month of April '60 to Feb., 1962

THIRD FIVE YEAR PLAN

8. Monthly Progress Report for the month of April to Dec., 1962

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1958

9 Ajmer
10. Jaipur

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1959

11. Alwar
12. Bharatpur
13. Bhilwara
14. Ganganagar
15. Jhunjhunu
16. Jodhpur
17. Kota
18. Nagaur

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1960

19. Ajmer
20. Bikaner
21. Churu
22. Jhalawar
23. Jhunjhunu
24. Jodhpur
25. Kota
26. Pali

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1961

27. Jodhpur
28. Jhunjhunu
29. Bundi
30. Bikaner
31. Pali
32. Kota
33. Bharatpur
34. Churu
35. S. Madhopur
36. Doongarpur
37. Jaipur
38. Nagaur
39. Tonk
40. Ajmer
41. Alwar

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1962

42. Jodhpur
43. S. Madhopur
44. Bikaner
45. Ganganagar
46. Jhunjhunu
47. Doongarpur
48. Pali
49. Jalore
50. Bharatpur

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1963

51. Bikaner

NATIONAL SAMPLE SURVEY REPORTS

52. Report on Jawai Project Survey
53. Family Planning Survey of Raj., 1960-61
54. Report on Crop Estimation Survey on Cotton, 1960-61
55. Report on Crop Estimation Survey on Cotton, 1961-62 and 1962 63.

Copies of the Directorate publications are available from:—
1. Superintendent, Government Central Press, Jaipur.
2. Directorate of Economics & Statistics, Rajasthan, New High Court Building, **Jaipur.**
3. Messrs. Students Book Co., Jaipur.
4. Messrs. Popular Book Depot, Jaipur.
5. Messrs. Rajasthan Pustak Grah, Bikaner.
6. Shri Dwarkadas Rathi, Wholesale Bookseller and News Agent, **Jodhpur**
7. Messrs. Mohan News Agency, Kota.
8. Messrs. Rajasthan Stores, outside Surajpole, Udaipur.
9. Messrs. B. S. Jain & Co., Muzaffarnagar.
10. Messrs. Bookland, 663, Madar Gate, Ajmer.
11. Information Centre, Jaipur.
12. Messrs. Krishna Brothers, Kucheri Road, Ajmer.

संचालनालय का प्रकाशन निम्नलिखित स्थानों पर प्राप्य है:—
1. अधीक्षक, राजकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।
2. आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय राजस्थान, न्यू हाईकोर्ट बिल्डिंग, जयपुर।
3 मेसर्स स्टुडण्ट बुक कं०, जयपुर।
4. मेसर्स पापुलर बुक डिपो, जयपुर।
5. मेसर्स राजस्थान पुस्तक गृह, बीकानेर।
6. श्री द्वारकादास राठी, होलसेल बुक सेलर एवं न्यूज़ एजेण्ट, जोधपुर।
7. मेसर्स मोहन न्यूज एजेन्सी, कोटा।
8. मेसर्स राजस्थान स्टोर्स, सूरजपोल के बाहर, उदयपुर।
9. मेसर्स बी० एस० जैन एण्ड कं०, मुजफ्फरनगर।
10. मेसर्स बुक लैण्ड, 663 मदार गेट, अजमेर।
11. इन्फोरमेशन सेण्टर, जयपुर।
12. मेसर्स कृष्णा ब्रदर्स, कचहरी रोड, अजमेर।

PRINTED AT GOVERNMENT PRESS, JODHPUR.
मुद्रित:—राजकीय मुद्रणालय, जोधपुर।

Price: Rs. 3 or 4s. 6d.
मूल्य: 3 रु० या 4 शि० 6 पेन्स

QUARTERLY DIGEST त्रैमासिक क्रमणिका

OF

ECONOMICS आर्थिक

एवं

STATISTICS सांख्यिकी

DIRECTORATE OF ECONOMICS & STATISTICS, RAJASTHAN

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, राजस्थान

QUARTERLY DIGEST

OF

ECONOMICS & STATISTICS

आर्थिक एवं सांख्यिकी त्रैमासिक क्रमणिका

VOL. IX, NO. 2	खण्ड नवम, अंक द्वितीय
Chaitra-Asadh 1885-86	चैत्र-असाढ़, १८८५-८६
April-June, 1964	अप्रैल-जून, १९६४

Published by
Directorate of Economics & Statistics,
RAJASTHAN, JAIPUR.

– प्रकाशक –
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,
राजस्थान, जयपुर ।

QUARTERLY DIGEST OF ECONOMICS & STATISTICS
आर्थिक एवं सांख्यिकी त्रैमासिक क्रमणिका
SECOND QUARTER, 1964
द्वितीय त्रैमास, 1964
CONTENTS विषय-सूची

INTRODUCTION

The 'Quarterly Digest of Economics and Statistics' is the organ of the Directorate of Economics and Statistics to make available to the general public and the Government Departments in a compact and co-ordinated form, statistical data relevant to each sphere of governmental, social and economic activities and to present an integrated picture of the developing and changing socio-economic situation as well as reviewing statistical studies conducted periodically either by the Directorate or any other organisation relating to economic and social life in the State. These are statistics expected to be of immediate interest to those looking for them and also serve as an introduction to the statistics available on large scale at the various sources.

The Digest is divided into three parts. Part (A) 'Regular Statistical Tables' contains statistics on all the vital aspects of the economy of the State, while part (B) 'Special Tables' presents data available from time to time and part(C) 'Socio-economic Review and Special Articles' is meant for presenting economic and statistical analysis of the current and important problems of the State. Each series in the first part, as far as possible, contains data for the last five years, current quarter and preceding four quarters. The quarterly figures are reported with monthly breakdowns. All the current series included in the Digest contain data as far as available upto the last month of the quarter to which the Digest relates. It is constant attempt of the Directorate to revise the Digest from time to time and to improve upon the existing series as well as to include new subjects and new statistical series as and when they become available.

Throughout the Digest, the folowing symbols have been used—

'..'	..	Not available
'—'	..	Nil or negligible
'N.R.'	..	Data not received or not reported.

All statistical data contained in the Digest relate to Rajasthan except in cases where otherwise stated. The data relating to other States have been incorporated in so far as these help to give a comparative picture of the economy of Rajasthan. The Digest is prepared with the co-operation of a number of Government Departments and associations of trade and industry. The source is indicated at the end of each table.

A number of Departments and Organisations have co-operated in making the data available and the Directorate of Economics and Statistics, Rajasthan, acknowledges with gratitude their co-operation. Although the Digest is published by a Government Department, the State Government are in no way responsible or committed to the views expressed in it. The Directorate, however, welcomes constructive criticisms and suggestions for further improvements in the Digest.

L. K. VERMA,
Director of Economics & Statistics,
Rajasthan.

भूमिका

'आर्थिक एवं सांख्यिकी क्रमणिका' आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय का मुख्य पत्र है। जनसाधारण एवं सरकारी विभागों के लिये यह क्रमणिका सघन तथा समन्वित रूप से, सरकारी सामाजिक और आर्थिक क्रियाओं के प्रत्येक क्षेत्र से सम्बन्धित सांख्यिकीय आंकड़े समक्ष रखते हुए प्रगतिशील एवं परिवर्तनशील सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का एकीकृत चित्रण प्रस्तुत करती है। साथ ही साथ राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन के सम्बन्ध में संचालनालय अथवा अन्य संस्थाओं द्वारा किये गये नियतकालिक सांख्यिकी अध्ययनों की समीक्षा भी प्रस्तुत करती है। ये आंकड़े उन लोगों के लिये तत्काल रुचिकर होते हैं जो कि इसके आकांक्षी हैं। इसके अतिरिक्त ये आंकड़े अन्य स्रोतों द्वारा वृहद रूपेण उपलब्ध आंकड़ों के परिचायक भी हैं।

यह क्रमणिका तीन भागों में विभाजित की गई है (अ) 'नियमित समंक सारणियां' जिनमें राज्य की आर्थिक व्यवस्था के मुख्य आंकड़े दिये गए हैं। (ब) 'विशिष्ट' जिसमें समय समय पर उपलब्ध आंकड़े दिये हैं एवं (स) 'आर्थिक समीक्षा एवं विशेष लेख' जिसका उद्देश्य राज्य की वर्तमान एवं मुख्य समस्याओं का आर्थिक एवं सांख्यिकी विश्लेषण करना है। जहां तक सम्भव हो सका है, प्रत्येक श्रृंखला के प्रथम भाग में गत पांच वर्षों, वर्तमान त्रैमास एवं गत चार त्रैमास के आंकड़े दिये गये हैं। त्रैमासकीय आंकड़े मासिक विभाजन में प्रतिवेदित किये गये है। इस क्रमणिका में सम्मिलित समस्त मालाएं यथासम्भव उन त्रैमास के जिससे क्रमणिका सम्बन्धित है अन्तिम मास तक के आंकड़े प्रस्तुत करती है। इस संचालनालय का समय समय पर क्रमणिका का पुर्नरीक्षण करने एवं विद्यमान मालाओं का सुधार करने के साथ ही साथ प्राप्त नये विषयों एवं सांख्यिकी मालाओं को सम्मिलित करने का निरन्तर प्रयास रहा है। इस क्रमणिका में निम्नलिखित चिन्ह प्रयोग किये गये हैं:—

'. . .'	....	....	अप्राप्य
'—'	....	....	शून्य अथवा नगण्य
'N. R.'	....	....	अप्रतिवेदित आंकड़े

खरीफ फसलों के बोने का समय होने के कारण, सिंचाई के लिये पानी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई । बड़ी नहरों से कुल सिंचित क्षेत्र में से गंगनहर में 1,07,191 हेक्टेयर में सिंचाई की गई जबकि विगत त्रैमास मे 7,604 हेक्टेयर तथा गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में 1,13,438 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हुई थी । भाखरा नहर से 34,386 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हुई जबकि गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में 20,737 हेक्टेयर में सिंचाई हुई थी । आलोच्य काल में घग्गर नहर से 5 एकड़ क्षेत्र में नगण्य सिंचाई हुई जबकि गत वर्ष के सम्वादी काल में 342 हेक्टेयर में सिंचाई हुई । सिंचित क्षेत्र में इस कमी का कारण नहर के पाट में शीर्ष कर्मान्न से अपेक्षाकृत कम पानी की पूर्ति है ।

आलोच्य त्रैमास में गेहूं, जौ, शंवई, सामा, कुटकी आदि, चना, अरहर, अन्य रबी की दालें, राई व सरसों, अलसी, गन्ना, आलू, अदरक तथा कपास के वर्ष, 1963-64 के अंतिम पूर्वानुमान तथा तम्बाकू के तृतीय पूर्वानुमान प्रसारित किये गये । इन पूर्वानु-मानों में केवल अन्य रबी की दालों, अलसी तथा कपास की फसलों के अतिरिक्त सभी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन दोनों में गत वर्ष की तुलना में कमी अनुमानित की गई । कई जिलों में विपरीत मौसमी परिस्थितियां तथा कम वर्षा तथा शीत काल में शीत लहरें, इस कमी के लिये उत्तरदायी हैं । विभिन्न फसलों के अन्तर्गत क्षेत्र के आंकड़ों पर दृष्टिपात करने से प्रकट होता है कि गत वर्ष के सम्वादी पूर्वानु-मानों की तुलना में गेहूं में 19·73 प्रतिशत, जौ में 13·64 प्रतिशत

अरहर में 4·00 प्रतिशत, गन्ना में 6·25 प्रतिशत, अदरक में 36·36 प्रतिशत तथा राई व सरसों में 1·87 प्रतिशत की कमी हुई। जहां तक उत्पादन पूर्वानुमानों का संबन्ध है, इन्हीं फसलों में क्रमश: 20·74 प्रतिशत, 16·95 प्रतिशत, 10·00 प्रतिशत, 21·94 प्रतिशत, 72·00 प्रतिशत तथा 65·91 प्रतिशत की कमी अनुमानित की गई।

अन्य रवी की दालों, अलसी तथा कपास की फसलो के क्षेत्रों मे वृद्धि क्रमश: 7·14 प्रतिशत, 10·00 प्रतिशत, तथा 20·62 प्रतिशत रही तथा उत्पादन में क्रमश: 14·29 प्रतिशत, 3·57 प्रतिशत तथा 15·00 प्रतिशत रही। चने के अन्तर्गत जहां क्षेत्र मे 1·35 प्रतिशत की वृद्धि हुई, शीत लहर के कारण उत्पादन मे 29·13 प्रतिशत की कमी अभिलिखित की गई। आलू के अन्तर्गत क्षेत्र अपरिवर्तित रहा किन्तु उत्पादन में 16·67 की कमी अनुमानित की गई।

II. खाद्य स्थिति:

विगत कुछ फसलों मे कृषि उत्पादन की कमी मूल्य स्तर पर वृद्धि की ओर दवाव डालती रही। नई फसल के आने तथा गेहूं की क्षेत्रीय प्रणाली के पुन: लागू किये जाने के कारण गेहूं के मूल्यों में कमी हो जाने के उपरान्त भी खाद्यानों के मूल्यों में व्यापक वृद्धि ने राज्य सरकार को विनियम तथा आयन्त्रक उपाय किये जाने को प्रेरित किया। राजस्थान फूडग्रेन लाईसेंसिंग आर्डर, 1964 जिसके अन्तर्गत खाद्यान्न व्यापारियों को, अनुज्ञापत्र प्राप्त करने हेतु प्रतिभूति निक्षेप (500 रुपये से 1,000 रुपये) तक देने तथा नियतकालिक स्कन्ध घोषणा करना अनिवार्य किया गया, के अतिरिक्त राज्य सरकार ने सभी खाद्यानों के, जिसमे वाजरा, ज्वार, चना, मक्का व जौ भी सम्मिलित हैं अन्तर्जिला गमनागमन पर प्रतिवन्ध लगा दिया। मई, 1964 में राजस्थान सरकार ने प्रत्येक जिले में खाद्यान, शक्कर तथा गुड़ के वितरण का सिंहावलोकन करने के लिये खाद्य सलाहकार समितियों का गठन किया। राजस्थान फूडग्रेन लाइसेंसिंग ऑर्डर, 1964 में प्रतिभूति निक्षेप से सम्वन्धित नियमों में संशोधन किया गया। जिन खाद्यान व्यापारियों का वार्षिक विक्रय 500 क्विन्टल से कम था उनके लिये कोई प्रतिभूति निक्षेप अनिवार्य नहीं है तथा निक्षेप की राशि की निम्नतम सीमा 500 रुपये से 250 रुपये कर दी गई।

सामान्य पूर्ति को वनाये रखने हेतु सरकार ने आयातित गेहूं का वितरण सतत रखा। समीक्षान्तर्गत काल में 2,121 सस्ते गल्ले की दुकानों से वितरण के लिये 79,445 टन गेहूं वितरण किया। राज्य के शुष्क पश्चिमी भाग के लिये जो अकाल से सर्वाधिक प्रभावित हुआ, संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से 30,000 टन गेहूं भेंट स्वरूप दिया गया।

चारे की समस्या भी इतनी ही विकट थी। इस स्थिति पर नियन्त्रण प्राप्त करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने चारे की अधिकता वाले जिलों यथा नागौर, चूरू तथा सीकर जिलों से विना जिलाधीश की अनुमति के चारे के निर्यात पर प्रतिवन्ध लगा दिया तथा इन जिलों से चारा अकाल ग्रस्त क्षेत्रों मे कम मूल्य पर वितरण करने हेतु क्रय किया गया।

गेहूं व जौ के मूल्यों में नई फसल के आगमन तथा सरकार द्वारा लिये गये आयन्त्रक उपायों के कारण साधारण कमी के उपरांत भी राज्य के थोक मूल्यों के सूचकाक (आधार वर्ष 1952–53 = 100) से मान्य व्यापक मूल्य-स्तर उच्च-स्तर पर ही रहा, क्योंकि व्यापक सूचकाक विगत त्रैमास मे 151·0 तथा गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास मे 125·0 से वढ़कर 152·7 हो गया जो कि क्रमश: 1·1 तथा 22·2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि मुख्य: रुप से खाद्य तेलो के कारण हुई किन्तु अनाज, दाले, दूध व घी तथा अन्य उपवर्गों ने भी उपरोक्त वृद्धि में योग दिया।

सरसों के तेल का सूचकाक भी विगत त्रैमास के 198·3 से 35·0 प्रतिशत वढ़कर आलौच्य त्रैमास मे 267·7 हो गया। इसी प्रकार अलसी के तेल के मूल्य भी 6·9 प्रतिशत वढ़ गये। अनाजों में सर्वाधिक वृद्धि ज्वार मे (23·0 प्रतिशत) अभिलिखित की गई जिसका कि सूचकांक 129·3 से 159·0 तक वढ़ गया। तदक्रमानुसार चावल (5·7 प्रतिशत), मक्का (4·9 प्रतिशत) एवं वाजरा (4·3 प्रतिशत) के सूचकाक वढ़े। जवकि गेहूँ व जौ के सूचकांक क्रमश: 4·6 एवं 1·0 प्रतिशत घटे।

III सहकारिता आन्दोलन:

सहकारिता आन्दोलन राज्य में दृढ़ सहकारिता की स्थापना के लक्ष्य की ओर अग्रसर होता रहा। आलौच्य त्रैमास जून, 1964 में 193 नई सहकारी समितियों का पंजीकरण हुआ, जिनकी सदस्य संख्या 7,281 थी जवकि गतवर्ष के सम्वादी काल में 140 समितियां पंजीकृत हुईं, जिनकी सदस्य संख्या 4,802 थी। आलौच्य त्रैमास जून, 1964 की समाप्ति तक ऋण के रूप में 134·42 लाख रुपये दिए गए तथा 206·07 रुपये की वसूली की गई जवकि गत वर्ष के सम्वादी काल में 194·45 लाख ऋण के रूप में दिये गये थे और 318·26 लाख रुपये की वसूली की गई थी। आलौच्य त्रैमास में उधारेतर समितियों की गतिविधियों में वृद्धि के परिणामस्वरूप क्रय-विक्रय मे भी वृद्धि हुई। आलौच्य त्रैमास में उधारेतर समितियों द्वारा 16·23 लाख रुपये के मूल्य की वस्तुओं का क्रय, गत त्रैमास मे 10·16 लाख रुपये और गत वर्ष के सम्वादी काल में 0·94 लाख रुपये की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। इसी प्रकार आलौच्य त्रैमास में विक्रय के क्षेत्र में भी यही प्रवृति दृष्टिगोचर हुई। इसी काल में उधारेतर समितियों द्वारा 16·71 लाख रुपये के मूल्य का विक्रय किया गया जवकि गत त्रैमास तथा गत वर्ष के सम्वादी काल मे इन समितियों द्वारा विक्रय क्रमश: 9·64 लाख रुपये तथा 0·80 लाख रुपये के मूल्य की वस्तुओं का किया गया था।

IV. औद्योगिक उत्पादन:

(1) **मुख्य उद्योगों का उत्पादन:**–राज्य के मुख्य उद्योगों के उत्पादन में मिश्रित प्रवृति जारी रही। जहां आलौच्य त्रैमास में सूती वस्त्र, कांच, विद्युतमान एवं नमक के उत्पादन में वृद्धि हुई, सूती धागा, सीमेंट, वाल बियरिंग एवं माइका इन्स्युलेटिंग ईंटों के उत्पादन में ह्रास हुआ। चीनी उद्योग में काल बाह्य होने से उत्पादन नहीं हुआ।

सूती वस्त्र का उत्पादन आलोच्य त्रैमास के प्रथम दो माहों में 9,615 हजार मीटर रहा गत वर्ष के सम्वादी काल में 9,198 हजार मीटर की तुलना में 4·5 प्रतिशत की वृद्धि इंगित करता है। आलोच्य त्रैमास में कांच का उत्पादन 95 टन था जबकि गत त्रैमास में 94 टन था। गत त्रैमास में 78,000 विद्युतमानों की तुलना में आलौच्य त्रैमास में 85,600 विद्युतमान निर्मित किए गये जो 9·7 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करता है। अनुकूल मौसम के कारण गत त्रैमास में 0·81 लाख टन की अपेक्षा आलौच्य त्रैमास में नमक का उत्पादन दुगुने से भी अधिक अर्थात् 2·90 लाख टन था।

इसके विपरीत सीमेंट के उत्पादन में कमी हुई क्योंकि आलौच्य त्रैमास में 2,36,776 टन सीमेंट का उत्पादन गत त्रैमास में उत्पादित 2,88,321 टन की तुलना में 17·9 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। ये कमी सीमेंट के आवागमन के लिए रेल के डिब्बों की कमी के कारण हुई। वाल बियरिंग का उत्पादन जनवरी-मार्च, 1964 में 1,318 हजार से घटकर आलौच्य त्रैमास में 1,208 रहा जो 8·3 प्रतिशत की कमी इंगित करता है। गत त्रैमास की अपेक्षा माइका इन्स्युलेटिंग ईंटों तथा सूती धागों के उत्पादन में क्रमश: 27·0 एवं 3·5 प्रतिशत की कमी अभिलिखित की गई। माइका इन्स्युलेटिंग ईंटों में जलाने में खराबी के कारण उत्पादन में कमी हुई।

(2) **विद्युत का उत्पादन एवं उपभोग**–आलोच्य त्रैमास के प्रथम दो महीनों में राज्य में विद्युत उत्पादन में गत वर्ष के सम्वादी काल की अपेक्षा और भी ह्रास हुआ। जनवरी–मार्च, 1964 में 14,597 किलोवाट विद्युत का उत्पादन हुआ था जबकि अप्रेल-मई, 1964 में 13,408 किलोवाट का जो 8·2 प्रतिशत का ह्रास इंगित करता है। आलौच्य त्रैमास में समीपवर्ती राज्यों से क्रय की गई विद्युत की सूचना के उपलब्ध न होने से विद्युत उत्पादन क्रय एवं उपभोग की तुलना नहीं की जा सकी है। आलौच्य त्रैमास के प्रथम दो महीनों में विद्युत के उपभोग में भी गिरावट आई क्यों कि विगत त्रैमास के सम्वादी काल में 46,042 किलोवाट की अपेक्षा 41,518 किलोवाट बिजली का उपभोग किया गया जो कि 9·8 प्रतिशत का ह्रास प्रदर्शित करता है। औद्योगिक कार्यों के लिये विद्युत का उपभोग कुल उपभोग का अधिकतम भाग (64·96 प्रतिशत) सदैव की भांति रहा। तदक्रमानुसार घरेलू रोशनी व पंखों के लिये (8·98 प्रतिशत), सार्वजनिक जल कल एवं मल वाहक नालियों के लिये (7·45 प्रतिशत), वाणिज्य सम्बन्धी रोशनी एवं पंखों के लिए (6·58 प्रतिशत) सिंचाई एवं कृषि कार्यों के लिए (6·34 प्रतिशत) वाणिज्य सम्बन्धी ताप एवं शक्ति के लिए (2·27 प्रतिशत), सार्वजनिक रोशनी के लिए (1·92 प्रतिशत) तथा घरेलू ताप एवं शक्ति के लिए (1·50 प्रतिशत) उपभोग हुआ।

(3) **कोयला वितरण:**– राज्य में कोयले के वितरण की स्थिति में आलौच्य त्रैमास में गिरावट आई। आलौच्य त्रैमास में कुल 7,869 वेगन कोयला वितरित किया गया जबकि विगत त्रैमास में 8,473 वेगन वितरित किया गया था जो 7·1 प्रतिशत की कमी अंकित करता है परन्तु गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास की अपेक्षा 7·3 प्रतिशत की वृद्धि अभिलिखित की गई। राज्य के कोयला उपभोग करने वाले विभिन्न प्रतिष्ठानों में से सीमेंट उद्योग को अधिकतम अंश (56·5 प्रतिशत) वितरित किया गया तदक्रमानुसार विविध उद्योगों (27·1 प्रतिशत), सूती कपड़ा मिलों (6·3 प्रतिशत) विद्युत प्रदाय प्रमंडलों एवं ईंट पकाने के सिविल भट्टों को (3·7 प्रतिशत) वितरित किया गया। अन्य उद्योगों का विवरण सम्बन्धित सारिणियों में दिया गया है।

(4) **उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण:**– उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण के अन्तर्गत कुछ उद्योगों से संबन्धित सारिणि में दिये गये आंकड़ों की समीक्षा क्रमणिका के प्रत्येक अंक में की जाती है। प्रस्तुत अंक में आटा मिल उत्पाद, विविध खाद्य उत्पाद, अधातु खनिज पदार्थ एवं अन्य विविध उद्योगों के आंकड़े दिये गये हैं। इस समीक्षा के साथ ही वर्ष, 1961 में प्रावृत सभी उद्योगों की समीक्षा समाप्त होगी। प्रस्तुत अंक में आवृत प्रत्येक उद्योग का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है।

(i) **आटा चक्की उत्पाद:**– इस उद्योग के अन्तर्गत 22 कारखाने थे जिनमें से 15, अर्थात 68 प्रतिशत से वर्ष, 1961 के प्रतिवेदन प्राप्त हुए।

इस उद्योग में 8·22 लाख रुपये की कुल उत्पादित पून्जी विनियोजित की गई, जिसमें 6·25 लाख रुपये स्थिर पून्जी एवं 1·66 लाख रुपये क्रियाशील पून्जी थी। औसतन 120 व्यक्ति प्रतिदिन रोजगार पर लगे थे और 1·15 लाख रुपये वेतन, मजदूरी एवं अन्य लाभ के रूप में वितरित किये गये। ईंधन, कच्चा माल तथा क्रय की गई औद्योगिक सेवाओं का मूल्य 64·21 लाख रुपये था जो कि सकल उत्पादित पून्जी का 99·9 प्रतिशत था। वर्ष के उत्पाद एवं उपोत्पाद का मूल्य 62·61 लाख रुपये था क्रय की गई औद्योगिक सेवाओं का मूल्य 1·41 लाख रुपये था, जबकि अर्धनिर्मित वस्तुओं का शुद्ध योग 26·3 हजार रुपये था। निर्माण द्वारा जोड़ा गया मूल्य – 35·9 हजार रुपये था, क्योंकि कच्चे माल की मूल्य वृद्धि, प्रतियोगिता, निर्मित

माल का अपेक्षाकृत कम मूल्य तथा पारिश्रमिक की उच्चतर दरों के कारण उद्योग को हानि हुई।

(ii) **विविध खाद्य उत्पाद:**—इस वर्ग में कुल 39 पंजीकृत कारखाने थे जिसमें से 33 कारखानों ने अपने प्रतिवेदन प्रेषित किये। अतः 85 प्रतिशत प्रतिवेदन प्राप्त हुए।

उद्योग में 59·32 लाख रुपये उत्पादित पूंजी के रूप में विनियोजित किये गये जिसमें से 28·98 रुपये की स्थिर पूंजी तथा शेष 30·34 लाख रुपये की कार्यशील पूंजी थी। औसतन 530 व्यक्तियों को प्रतिदिन इस उद्योग में रोजगार दिया गया तथा पारिश्रमिक के रूप में 4·56 लाख रुपये दिये गये जो कि कुल उत्पादन के मूल्य का 2·2 प्रतिशत होता है। ईंधन, कच्चा माल तथा औद्योगिक सेवाओं पर कुल 204·88 लाख रुपये व्यय किये गये जो कुल व्यय का 97·7 प्रतिशत है।

अलसी का तेल, राई का तेल, मूंगफली का तेल, चना दाल, व तिल का तेल इत्यादि इस वर्ग के मुख्य उत्पाद थे जिनका कुल मूल्य 209·14 लाख रुपये था। औद्योगिक सेवाओं के विक्रय से उद्योग को इस वर्ष में 0·68 लाख रुपये प्राप्त हुए। तथापि अर्धनिर्मित पदार्थों का मूल्य वर्ष के अन्त में 18 6 हजार रुपये था तथा उद्योग के मुख्य उत्पादन का मूल्य 209·63 लाख रुपये था। वर्ष में निर्माण द्वारा यौगिक मूल्य 2·54 लाख था जो कि कुल उत्पादन का 12·1 प्रतिशत व उत्पादित पूंजी का 4·3 प्रतिशत है।

(iii) **अधातु खनिज पदार्थ:**—इस समूह के अन्तर्गत पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों की संख्या 46 थी जिसमें से 36 कारखानों ने प्रतिवेदन प्रेषित किये। वर्ष में 93·37 लाख रुपये उत्पादित पूंजी के रूप में विनियोजित किये गये। रोजगार के रूप में प्रतिदिन औसतन 1,506 श्रमिकों तथा 289 अन्य व्यक्तियों को रोजगार दिया गया जिनको कुल 14·99 लाख रुपये वेतन, मजदूरी व अन्य लाभों के रूप में दिया गया।

ईंधन, कच्चा माल व औद्योगिक सेवाओं पर किया गया व्यय 102·61 लाख रुपये था जो कुल उत्पादन का 77·7 प्रतिशत है। 130.60 लाख रुपये के मूल्य का उत्पाद व उपोत्पाद का निर्माण किया गया व औद्योगिक सेवाओं के विक्रय से 1.44 लाख रुपयों की प्राप्ति हुई। आलोच्य वर्ष में निर्माण द्वारा यौगिक शुद्ध मूल्य 25·60 लाख रुपये था जो कि कुल उत्पादित पूंजी का 27·4 प्रतिशत व कुल उत्पादन का 19·4 प्रतिशत था। यह मूल्य सेवायुक्त प्रति व्यक्ति 1,426 रुपये था।

(iv) **विविध उद्योग:**—इस वर्ग में पंजीकृत कारखानों की संख्या 25 थी जिसमें से 22 कारखाने या 88 प्रतिशत ने प्रतिवेदन प्रेषित किये। इस उद्योग वर्ग में उन औद्योगिक इकाइयों को सम्मिलित किया गया है जो कि बर्फ बनाने, प्लास्टिक से बनी वस्तुएं, सेल्यूलाइड से बनी वस्तुएं व खिलौनों का उत्पादन करती हैं।

उद्योग में 22·57 लाख रुपये उत्पादित पूंजी के रूप में विनियोजित किये गये। प्रतिदिन औसतन 696 व्यक्तियों को रोजगार दिया गया जिनको कि कुल 6·47 लाख रुपये मजदूरी आदि के रूप में दिये गये। ईंधन, कच्चा माल, व औद्योगिक सेवाओं के क्रय पर कुल व्यय 68·24 लाख रुपये किया गया जो कि सकल उत्पादन का 94·6 प्रतिशत था। विभिन्न निर्माणियों द्वारा निर्मित उत्पाद व सहउत्पाद का मूल्य 77·32 लाख रुपये था तथा औद्योगिक सेवाओं के विक्रय से कुल 1 53 लाख रुपये प्राप्त किये गये। वर्ष में निर्माण द्वारा यौगिक मूल्य 9·85 लाख रुपये था जो सकल उत्पादन का 12·5 प्रतिशत तथा सकल उत्पादित पूंजी का 43·7 प्रतिशत होता है।

V. श्रम स्थिति :

(i) **औद्योगिक विवाद:**—औद्योगिक विवादों की संख्या से प्रतिबिम्बित नियोजक कर्मचारी सम्बन्ध, आलोच्य त्रैमास में और भी बिगड़े तथा औद्योगिक अशान्ति बनी रही। इस काल में 43 औद्योगिक विवाद प्रतिवेदित किए गये जो कि विगत त्रैमास के 21 से दुगने से भी अधिक हैं। इन 43 विवादों से 10,895 श्रमिक प्रभावित हुए व 49,207 मानव दिवसों की हानि हुई जबकि विगत त्रैमास में 21 औद्योगिक विवादों में 6,502 श्रमिक प्रभावित हुए व 5.331 मानवदिवसों की हानि हुई।

(ii) **निर्माणी दुर्घटनाएं:**—आलोच्य त्रैमास में निर्माणी दुर्घटनाओं की संख्या में तीव्र उद्रेक रहा। दुर्घटनाओं की संख्या जनवरी-मार्च, 1954 की 538 से बढ़कर आलोच्य त्रैमास में 760 हो गई जो कि 41·7 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करती है। इन 760 दुर्घटनाओं में से केवल २ ही घातक व शेष 758 अघातक थीं।

(iii) **श्रमिक संघ:**—आलोच्य त्रैमास में 31 संघों के पंजीकरण से जिनकी कि सदस्य संख्या 1,525 थी व किसी भी संघ के विलोपित न होने से श्रमिक संघ आन्दोलन की शक्ति में और भी वृद्धि हुई। श्रमिक संघों की संख्या आलोच्य त्रैमास के अन्त में बढ़कर 416 हो गई जिनकी सदस्य संख्या 66,894 थी जबकि विगत त्रैमास के अन्त में संघों की संख्या 385 व सदस्यों की संख्या 65,369 थी।

VI. राज्य बीमा :

राज्य बीमा भी निरन्तर वृद्धि की ओर अग्रसर होता रहा क्योंकि आलोच्य त्रैमास में बीमापत्रों की संख्या व प्रत्याभूत राशि दोनों में ही वृद्धि हुई। बीमापत्रों की संख्या बढ़कर 1·69 लाख हो गई जो कि

विगत त्रैमास मे 1·67 लाख थी तथा प्रगोपित राशि भी 2,993 लाख रुपयों से बढ़कर 3,055 लाख रुपये हो गई, जोकि क्रमशः 1·2 प्रतिशत व 2·1 प्रतिशत की वृद्धि इंगित करती है। इसी प्रकार प्रव्याजित आय भी विगत त्रैमास में 2,784 हजार रुपयों से बढ़कर 2,854 हजार रुपये हो गई जो कि 2·5 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करती है। आलोच्य त्रैमास में कुल 642 अभ्यार्थनाओं का भुगतान किया गया जिनमें से 121 मृत्यु के कारण, 373 परिपक्वता के कारण व 148 समर्पित एवं प्रदत्त किये जाने के कारण हुए। इनमें कुल 5·63 लाख रुपये भुगतान किये गये।

VII. राज्य वित्त :

आलोच्य त्रैमास में 11·48 करोड़ रुपये या वर्ष 1964-65 के अनुमानित राजस्व का 15·90 प्रतिशत राज्य कोष में जमा हुआ, जबकि गत वर्ष 1963-64 के सम्वादी त्रैमास में 12·32 करोड़ रुपये जमा हुए थे जो 1963-64 के संशोधित अनुमान के 17·76 प्रतिशत थे। इस प्रकार प्राप्तियों में गत वर्ष के सम्वादी काल की अपेक्षा आलोच्य त्रैमास में 0·84 करोड़ रुपये या 6·82 प्रतिशत का ह्रास हुआ।

आलोच्य त्रैमास में राज्य करों का योग 6·66 करोड़ रुपये या कुल प्राप्ति का 58·01 प्रतिशत रहा। राजस्व करों के मुख्य क्षेत्र अर्थात भू-राजस्व, राज्य आवकारी, विक्रय कर एवं अन्य कर तथा शुल्क (जिसमे मुद्रांक, पंजीकरण, मोटर व गाड़ी अधिनियम आदि द्वारा प्राप्त कर सम्मिलित है) के द्वारा राज्य के कुल राजस्व कर का 24·70, 23·05, 33·42 एवं 18·83 प्रतिशत क्रमशः प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त सिविल प्रशासन से प्राप्त 0·87 करोड़ रुपये की धनराशि में शिक्षा, चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य, कृषि, पशु चिकित्सा एवं सहकारिता, न्याय, प्रशासन, जेल एवं पुलिस तथा अन्य मदों का योग क्रमशः 18·95, 19·33, 12·33, 7·07 एवं 42·32 प्रतिशत रहा। केन्द्रीय सरकार द्वारा लगाए करों के अंश एव अनुदान से क्रमशः 1·18 करोड़ तथा 1·46 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। राज्य करों एवं अनुदान ने प्राप्ति में क्रमशः 3·25 एवं 9·32 प्रतिशत की कमी हुई जबकि गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास की तुलना में केन्द्रीय सरकार द्वारा लगाए करों के अंश तथा सिविल प्रशासन में क्रमशः 2·61 एवं 15·61 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

आलोच्य त्रैमास में 11·20 करोड़ रुपये व्यय हुए जोकि गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास के व्यय किये गये 8·82 करोड़ रुपये की अपेक्षा 12·70 प्रतिशत अधिक थे। वर्ष के आय-व्ययक अनुमान का 15·38 प्रतिशत चालू त्रैमास में व्यय हुआ। इसके विपरीत गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास में वर्ष 1963-64 के संशोधित अनुमान का 12·64 प्रतिशत व्यय हुआ था।

आलोच्य त्रैमास में सिविल प्रशासन पर अर्थात शिक्षा, चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य, कृषि आदि, न्याय प्रशासन, जेल एवं पुलिस आदि तथा अन्य मदों पर क्रमशः 30·59, 19·27, 8·47, 23·53 एवं 18·14 प्रतिशत व्यय हुआ। आलोच्य त्रैमास में राजस्व अर्जन करने वाले विभागों सिविल प्रसाशन, सिविल कार्यों, सामुदायिक विकास व स्थानीय कार्यों पर कुल व्यय का क्रमशः 5·84, 61·42, 5·94, एवं 3·64 प्रतिशत व्यय हुआ जबकि उपरोक्त मदों पर गत वर्ष के सम्वादी काल में कुल व्यय का क्रमशः 6·56, 68·91. 6·36 एवं 0·61 प्रतिशत व्यय हुआ था।

सारांश में विगत त्रैमास की अपेक्षा आलोच्य त्रैमास में व्यय में वृद्धि होने तथा प्राप्तियों में कमी होने के उपरांत भी 0·28 करोड़ रुपये की बचत रही जोकि गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास की 3·50 करोड़ रुपये की बचत की अपेक्षा कम है।

VIII. मूल्य स्थिति :

आलोच्य काल में थोक मूल्यों के सूचकांकों द्वारा प्रतिबिम्बित व्यापक मूल्य स्तर में अभिवृद्धि की प्रवृत्ति रही। आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय द्वारा तैयार किये गये औसत व्यापक सूचकांक ने (आधार 1952-53 = 100) अपेक्षाकृत धीमी गति से अग्रसर होते हुए 1·7 प्रतिशत की साधारण वृद्धि अभिलिखित की जबकि विगत त्रैमास के सूचकांक 145·0 की तुलना में आलोच्य त्रैमास समाप्ति जून, 1964 में 147·7 रहा। गतवर्ष के सम्वादी त्रैमास की तुलना में यह वृद्धि 18·8 प्रतिशत रही। सर्वदा की भांति खाद्य पदार्थों के सूचकांक ने प्रमुख रूप से सामान्य मूल्य स्तर में वृद्धि उत्पन्न की। अन्य संघटक वर्ग भी इस स्तर को अग्रसर करने में कार्यव्यस्त रहे। वर्ग सूचकांकों के अध्ययन से दृष्टिगोचर होता है कि खाद्यान्न वर्ग का सूचकांक विगत त्रैमास के 151·0 से बढ़कर 152·7 हो गया जो कि 1·1 प्रतिशत की वृद्धि इंगित करता है। चावल, ज्वार, बाजरा, दूध व घी, तिल का तेल, सरसों का तेल एवं शक्कर आदि इस वर्ग में वृद्धि के लिये उत्तरदायी रहे। तथापि यह वृद्धि गेहूं, जौ, चना, वनस्पति एवं गुड़ द्वारा आंशिक रूप से निरस्त करदी गई। ईंधन एवं प्रकाश वर्ग कोयले के भाव में वृद्धि के कारण 3·1 प्रतिशत बढ़ा जिसका सूचकांक 129·0 से बढ़कर 133·0 हो गया। औद्योगिक कच्चा माल वर्ग ने भी विगत त्रैमास में 150·0 से आलोच्य काल में 152·0 तक बढ़कर 1·3 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित की। इस वृद्धि में मूगफली, सरसों एवं कच्चे चमड़े ने योग दिया। जबकि कच्ची खालों ने सूचकांक को अवनत किया क्योंकि इसका सूचकांक विगत त्रैमास में अभिलिखित 190·0 से कम होकर 166·0 पर हो गया। इसी प्रकार निर्मितपदार्थ वर्ग ने मुख्य रूप से अलसी के तेल, सूत, साबुन, खल, साइकिलों एवं हल के मूल्य वृद्धि के कारण 123·0 से आलोच्य त्रैमास में 125·7 पर 3·0 प्रतिशत की वृद्धि अंकित की।

इन सूचकांकों के मासिक अध्ययन से प्रतीत होता है कि अप्रेल, 1964 में 151·0 पर स्थिर खाद्यान्न वर्ग मई, 1964 में एक अंक से गिरा परन्तु तभी तीव्रता से त्रैमास के अन्तिम माह में 157·0

पर 7 अंकों से बढ़ा। इसी भांति ईंधन व शक्ति वर्ग प्रारम्भिक मास में 129·0 पर स्थिर रहा परन्तु मई, 1964 में बढ़कर 135·0 हो गया एव्म जून, 1964 में उसी स्तर पर रहा। औद्योगिक कच्चा माल वर्ग अप्रेल, 1964 में 156·0 से मई, 1964 में 152·0 पर गिर गया एवं आगामी माहों में बढ़कर 154·0 के स्तर तक पहुंच गया। निर्मित पदार्थ वर्ग भी अप्रेल 1964 में 1 अंक से लाभान्वित हुआ एवं मई, 1964 में 126·0 तक बढ़ा तथा आलोच्य त्रैमास के अंतिम मास में इसी स्तर पर स्थिर रहा।

IX. सोने चांदी के भाव :

विगत त्रैमास में दृष्टिगोचर हुई वृद्धि की प्रवृति आलोच्य काल में भी सतत रही एवं सोने व चांदी दोनों के मूल्यों में वृद्धि हुई। शुद्ध सोने के सौदे प्रतिबंधित रहे एवं 14 केरट सोना विगत त्रैमास में रुपये 6·56 प्रति ग्राम की तुलना में रुपये 7·24 प्रति ग्राम की औसत पर बिका। सोने का अधिकतम भाव जून, 1964 मे रुपये 7·50 प्रति ग्राम एवं न्यूनतम अप्रेल एवं मई, 1964 दोनों में रुपये 7·00 प्रति ग्राम के मध्य रहा। चांदी गट्टी का औसत भाव आलौच्य त्रैमास में 25·43 रुपये प्रति 100 ग्राम रहा जबकि विगत त्रैमास में 25·31 प्रति 100 ग्राम था। चांदी का अधिकतम भाव अप्रेल, 1964 में 26·06 रुपये प्रति 100 ग्राम अंकित किया गया जब कि न्यूनतम भाव जून, 1964 में 24·30 रुपये प्रति 100 ग्राम रहा।

X. श्रमिक उपभोक्ता भाव सूचकांक :

फुटकर मूल्यों ने भी थोक मूल्यों द्वारा प्रदर्शित प्रवृति के अनुरूप वृद्धि की प्रवृति ग्रहण की। जहां अजमेर एवं ब्यावर केन्द्रों में उपभोक्ता सामान एवं सेवाओं के मूल्यों में वृद्धि दृष्टिगोचर हुई, जयपुर केन्द्र के सूचकांक में आंशिक कमी हुई। इन सूचकांको का केन्द्रानुसार अध्ययन निम्न प्रकार है।

(i) अजमेर (स्थानान्तरित आधार वर्ष 1949=100): विगत त्रैमास में दृष्टिगत वृद्धि-प्रवृति आलौच्य त्रैमास में भी सतत रही क्योंकि सामान्य सूचकांक 125·0 से बढ़कर 1·4 प्रतिशत की वृद्धि इंगित करता हुआ आलोच्य त्रैमास में 126·7 हो गया जबकि विगत त्रैमास से खाद्यान्न, कपड़े विस्तर एवं जूते एवं विविध वर्ग सभी क्रमशः 1·0, 7·3 एवं 0·5 प्रतिशत बढ़े। ईंधन एवं प्रकाश वर्ग में 0·3 प्रतिशत की क्षति हुई। गत वर्ष के सम्वादी त्रैमास की तुलना में सभी संघटक वर्गो यथा खाद्यान्न (13·2 प्रतिशत) ईंधन एवं प्रकाश (3·1 प्रतिशत), कपड़े, बिस्तर एंव जूते (9·0 प्रतिशत) एवं विविध की (0·8 प्रतिशत) उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

(ii) व्यावर (आधार वर्ष समाप्ति 1952 = 100): उपरोक्त अनुसार सहानुभूति पूर्ण प्रवृति दर्शाते हुए व्यावर के व्यापक सूचकांक ने 128·7 से 0·8 प्रतिशत की आंशिक वृद्धि अंकित करते हुए 129·7 पर वृद्धि अभिलिखित की। संघटक वर्गों में से खाद्यान्न, वस्त्र, भोजन एवं जूते, विविध वर्ग ने विगत त्रैमास पर क्रमशः 0·2, 1·9 एवं 1·8 प्रतिशत की वृद्धि अंकित की, किन्तु ईंधन एवं प्रकाश वर्ग को 1·1 प्रतिशत की क्षति पहुंची। इसी प्रकार की प्रवृति गत वर्ष के संवादी काल की तुलना में देखी गई जबकि खाद्यान्न, कपड़े विस्तर एवं जूते एवं विविध वर्ग क्रमशः 32·9, 23·1 एवं 12·1 प्रतिशत से उन्नत हुए। केवल ईंधन एवं प्रकाश वर्ग को 5·1 प्रतिशत से क्षति पहुंची।

(iii) जयपुर (आधार जून, 1955-56 = 100): विपरीत प्रवृति दर्शाते हुए जयपुर केन्द्र के व्यापक सूचकांक मे विगत त्रैमास की तुलना में 1·3 प्रतिशत का आंशिक ह्रास दृष्टिगत हुआ। यद्यपि गतवर्ष के सम्वादी त्रैमास की तुलना मे सूचकांक ने 15·7 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि अंकित की जबकि वस्त्र, बिस्तर एवं जूते एवं विविध वर्ग विगत त्रैमास मे क्रमशः 5·1 एवं 1·0 प्रतिशत की अपेक्षा उन्नत हुए, **खाद्यान्न एवं ईंधन एवं प्रकाश दोनों वर्गों में 2·6 प्रतिशत (प्रति वर्ग) की कमी हुई।** गत वर्ष के संवादी त्रैमास की तुलना में सभी संघटक वर्ग तथा खाद्यान्न, ईंधन एवं प्रकाश कपड़े, बिस्तर एवं जूते एवं विविध क्रमशः 26·1, 0·9, 1·2 एवं 1·9 प्रतिशत से उन्नत हुए।

XI. रोज़गार स्थितिः

रोज़गार कार्यालय के आंकड़ों की समीक्षा इंगित करती है कि आलोच्य त्रैमास में रोज़गार स्थिति कुछ बिगड़ी क्योंकि चालू पंजी में प्राथियों की संख्या विगत त्रैमास के 52,973 से बढ़ कर आलौच्य त्रैमास में 64,887 हो गई जिससे 18·36 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचित रिक्त स्थानों की संख्या विगत त्रैमास के 7,310 से घट कर आलोच्य त्रैमास में 7,018 हो गयी एवं उसी काल में काम दिलाये गये प्राथियों की संख्या भी 4,844 से घट कर 3,554 हो गई जिससे प्रतीत होता है कि सूचित रिक्त स्थानों की संख्या एवं काम दिलाये गये व्यक्तियों की संख्या में क्रमशः 3·99 एवं 26·63 प्रतिशत का ह्रास अभिलिखित किया गया। नये पंजीकरणों की संख्या विगत त्रैमास में 27,339 से 51·67 प्रतिशत की वृद्धि इंगित करते हुए आलोच्य त्रैमास में बढ़ कर 41,466 हो गई।

XII. सामुदायिक विकासः

सामुदायिक विकास कार्य क्रमों का उद्देश्य सामुहिक एवं सहकारी प्रयासों द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक विकास करना है। 31-3-1964 को राज्य में 232 विकास खंड थे जिनमें 23 पूर्व विस्तार खंड, 98 प्रथम चरण खंड, 91 द्वितीय चरण खंड एव 20 पूर्व चरण द्वितीय विकास खंड में थे। 203 विकास खंडों से त्रैमास समाप्ति मार्च, 1964 के लिये प्राप्त प्रतिवेदना के आधार पर यह अंकित

किया गया कि विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत उपलब्धियां उत्साह-वर्धक थीं। हमारे राज्य में कृषि केवल प्रमुख व्यवसाय ही नहीं वरन् जीवन प्रणाली भी है। प्रति एकड़ उपज में वृद्धि करने के लिये 30,703 क्विंटल्स रसायनिक उर्वरक, 1,91,762 क्विंटल्स उन्नत बीज एवं 13,406 उन्नत औजार कृषकों में वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त त्रैमास मे खेतों पर 2,001 कृष्य प्रदर्शन किये गये एवं 4,627 हेक्टेयर भूमि का सुधार किया गया एवं 25,504 हेक्टेयर भूमि मेढ़ बंधी के अन्तर्गत लाई गई। पशुपालन योजनाओं के अन्तर्गत 1,725 उन्नत पशु एवं 8,209 उन्नत पक्षी दिये गये। ऋण-ग्रस्तता आदि अवगुणों में सुधार लाने के लिये सहकारिता एक शक्ति पूर्ण साधन माना गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता आंदोलन के उत्थान के लिये 324 समितियां जिनकी सदस्यता 24,416 थी राज्य में कार्यरत रहीं। ग्राम्य क्षेत्रों में 2,991 कुए निर्मित किये गये एवं 6,793 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र मे सिचाई की गई, ग्राम्य क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं की उन्नति करने तथा उन्हें नगरीय एवं मंडी केन्द्रों से जोड़ने के लिये विकास खंड क्षेत्रों में विभिन्न पंचायत समितियों द्वारा 176 किलो मीटर कच्ची एवं पक्की सड़कों का निर्माण किया गया। सामाजिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 2,411 प्रौढ़ साक्षरता केन्द्र कार्य कर रहे थे एवं 19,902 प्रौढ़ शिक्षित किये गये। ग्राम्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं सफाई सुविधाओं की वृद्धि के लिए 3 प्रारम्भिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रारम्भ किये गये एवं 350 ग्राम्य शौचालयों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त 359 पेय जल कूप निर्मित किये गये एवं 257 कुओं का नव निर्माण या सुधार किया गया। राज्य की जनता इन कार्य-क्रमों मे धन, वस्तुएं एवं श्रम के योगदान द्वारा भाग लेने को अग्रसर हुई जिनका योग आलोच्य त्रैमास में 22·94 लाख रुपये रहा। इस प्रकार वर्ष, 1963-64 में 93·69 लाख रुपये योग हो गया जो जनता के सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रुचि का प्रतीक है।

XIII. तृतीय पंच वर्षीय योजना :

वर्ष 1964-65 के लिए कुल योजना प्रावधान 4,625 लाख रुपयों का किया गया जबकि वर्ष, 1963·64 में 3,835 लाख रुपये (संशोधित) आवंटन किया गया था। आलोच्य वर्ष के आवंटनों में अधिकतम राशि सिंचाई एवं शक्ति (59·46 प्रतिशत) के लिए निर्धारित की गई। तदक्रमानुसार समाज सेवा (16·84 प्रतिशत), कृषि कार्यक्रमों (11·35 प्रतिशत), सहकारिता एवं सामुदायिक विकास (7·35 प्रतिशत), परिवहन एवं संचार (3·03 प्रतिशत), उद्योग एवं खनिज कर्म (1·51 प्रतिशत) तथा विविध मद (0·46 प्रतिशत) रहे।

वर्ष 1964-65 में गत वर्ष की अपेक्षा बाढ़ नियंत्रण, मत्स्य भंडारगार एवं विपणि, पशुपालन, श्रम एवं श्रम कल्याण, पर्यटन, पोंग बांध, शक्ति, पिछड़े वर्गों का कल्याण, कृषि उत्पादन, सामान्य शिक्षा, शिल्प शिक्षा, आधुनिक औषधियां, वन, सहकारिता एवं सामुदायिक विकास तथा सड़कों के लिए आवंटन अधिक किया गया जबकि दुग्ध शाला एवं दुग्ध प्रदाय, नगरीय तथा ग्राम्य जल प्रदाय, लघु सिंचाई, उद्योग एवं खनिज कर्म, राजस्थान नहर योजना के लिये गत वर्ष से कम आवंटन किया गया।

त्रैमास समाप्ति जून, 1964 मे व्यय के सम्बन्ध में प्राप्त प्रतिवेदनों के अनुसार योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यक्रमों पर 447·13 लाख रुपये व्यय किये गये जो कि वर्ष के कुल योजना प्रावधान का 9·67 प्रतिशत होता है। गत वर्ष के तत्सम्वादी त्रैमास की अपेक्षा आलोच्य त्रैमास में व्यय 14·40 प्रतिशत अधिक था। आलोच्य त्रैमास मे व्यय त्रैमास समाप्ति मार्च, 1964 की अपेक्षा कम था क्योंकि वर्ष के अंतिम त्रैमास में अपेक्षाकृत अधिक राशि व्यय की जाती है।

आलोच्य त्रैमास मे विभिन्न मदों पर आवंटन की तुलना में सर्वाधिक व्यय परिवाहन एवं संचार पर (20·91 प्रतिशत) हुआ। तदक्रमानुसार कृषि उत्पादन (15·06 प्रतिशत), सहकारिता एवं सामुदायिक विकास (10·84 प्रतिशत), विविध मदें (12·24 प्रतिशत) सिंचाई एवं शक्ति (8·84 प्रतिशत), उद्योग एवं खनिज कर्म (7·57 प्रतिशत) एवं सामाजिक सेवाऐं (6·52 प्रतिशत) रहे।

XIV. अपराध स्थिति :

अपराध स्थिति आलोच्य त्रैमास में बिगड़ गई जैसा कि अभिलिखित अपराधों की संख्या से स्पष्ट है, जिनकी संख्या 6,840 से बढ़कर 7,343 तक पहुंच गई जो कि 7·4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। कुल अपराधों में से सर्वाधिक अपराध सदेव की भांति भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत विविध मदों में अभिलिखित किये गये। कुल प्रतिवेदित 7,343 अपराधों में से 37·0 प्रतिशत अपराध इस मद के अन्तर्गत थे जबकि अन्य मदों में अपराधों की संख्या इस प्रकार थी। सेंधमारी 23·0 प्रतिशत, अन्य चोरी 20·9 प्रतिशत, पशुओं की चोरी 6·0 प्रतिशत उपद्रव 5·9 प्रतिशत, बालापहरण 3·4 प्रतिशत, लूटमार 2·4 प्रतिशत, हत्या 1·0 प्रतिशत तथा डकेती 0·4 प्रतिशत विगत त्रैमास की अपेक्षाकृत भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत विविध अपराध, लूटमार तथा हत्या आदि अपराधों की संख्या में गिरावट आई।

आलोच्य त्रैमास में जिलानुसार अपराधों की स्थिति इस प्रकार थी।

सूचित अपराव संख्या वर्ग	त्रैमास समाप्ति			
	मार्च, 1964		जून, 1964	
	जिला	आवृति	जिला	आवृति
1	2	3	4	5
600 से अधिक	1. जयपुर 2. गंगानगर	2	1. जयपुर 2. गंगानगर	2
500 से 600	—	—	1. उदयपुर	1
400 से 500	1. अजमेर 2. भरतपुर 3. कोटा 4. उदयपुर	4	1. कोटा	1
300 से 400	1. अलवर 2. भीलवाड़ा 3. चित्तौड़गढ़	3	1. अजमेर 2. अलवर 3. भरतपुर	3
200 से 300	1. बूंदी 2. जोधपुर 3. पाली 4. नागौर 5. सवाई माधोपुर 6. सीकर	6	1. भीलवाड़ा 2. चूरू 3. झालावाड़ 4. जोधपुर 5. नागौर 6. पाली 7. सवाई माधोपुर 8. चित्तौड़गढ़	8
100 से 200	1. बांसवाड़ा 2. बीकानेर 3. चूरू 4. झालावाड़ 5. झुंझुनू 6. टोंक	6	1. बांसवाड़ा 2. बीकानेर 3. बूंदी 4. जालौर 5. झुंझुनू 6. सीकर 7- सिरोही 8. टोंक	8
50 से 100	1. बाड़मेर 2. डूंगरपुर 3. जालौर 4. सिरोही	4	1. बाड़मेर 2. डूंगरपुर	2
0 से 50	1. जैसलमेर	1	1. जैसलमेर	1
योग ..		26		26

उपरोक्त सारिणी से स्पष्ट है कि अपराधों की संख्या, संख्या वर्ग 600 से अधिक के अन्तर्गत जयपुर 992 तथा गंगानगर 758 में सर्वोच्च रही। विगत त्रैमास में यह संख्या 920 एवं 640 थी जो आलोच्य त्रैमास में इन जिलों में अधिक अपराधों की द्योतक है। अन्य जिलों में अपराधों से अग्रिम उच्च वर्ग या निम्न वर्ग तक सीमित रही जहां चूरू, जालौर, झालावाड़, सिरोही एवं उदयपुर जिले अन्य उच्च वर्ग की ओर अग्रसर हुए अजमेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़ तथा सीकर अगले निम्न वर्ग की ओर अग्रसर हुए। अन्य जिले यथा अलवर, बांसवाड़ा, बीकानेर, बाड़मेर, डूंगरपुर, झुंझुनू, जोधपुर, जैसलमेर, कोटा, नागौर, पाली, सवाई माधोपुर तथा टोंक पूर्व अपराध वर्गों में ही रहे।

DIRECTORATE OF ECONOMICS & STATISTICS

GOVERNMENT OF RAJASTHAN

List of Publications

(Priced Publications)

	Price per copy Rs. P.
*1. Basic Statistics, 1956 ..	.. 1·00
*2. Basic Statistics, 1957 ..	.. 1·00
*3. Basic Statistics, 1958 ..	.. 1·00
*4. Basic Statistics, 1959 ..	.. 1·00
*5. Basic Statistics, 1960 ..	.. 1·00
*6. Basic Statistics, 1961 ..	.. 1·00
7. Basic Statistics, 1962 ..	.. 1·50
8. Basic Statistics, 1963 ..	.. 0·75
*9. Statistical Atlas, Rajasthan ..	.. 7·50
10. Statistical Abstract, 1958 ..	.. 7·50
11. Statistical Absttract, 1959 ..	.. 7·50
12. Statistical Abstract, 1960 ..	.. 7·50
13. Statistical Abstract, 1961 ..	..10·00
14. Statistical Abstract, 1962 ..	..10·00
15. Statistical Abstract—Special ..	.. 2·00
16. Industrial Structure of Rajasthan, 1958	.. 3·00
17. Industrial Structure of Rajasthan, 1959	.. 3·00
18. Industrial Structure of Rajasthan, 1960	.. 3·00
FIRST FIVE YEAR PLAN—AN APPRAISAL	
*1. Agriculture & Community Development	.. 0·50
2. Irrigation	.. 0·50
*3. Power	.. 0·50
*4. Roads and Transport	.. 0·50
*5. Social Services	.. 0·50
SECOND FIVE YEAR PLAN	
*1. Progress Report 1956-57 ..	.. 3·00
*2. Progress Report 1957-58 ..	.. 3·00
3. Progress Report 1958-59 ..	.. 3·00
4. Progress Report 1959-60 ..	.. 3·00
5. Progress Report 1956-61 ..	.. 5·00
*6. Quarterly Progress Report, June. '57	.. 1·00
*7. Quarterly Progress Report, Sept., '57	.. 1·00
*8. Quarterly Progress Report, Dec., '57	.. 1·00
*9. Quarterly Progress Report, June, '59	.. 1·00
*10. Quarterly Progress Report, Sept., '59	.. 1·00
*11. Quarterly Progress Report, Dec., '59	.. 1·00
12. Quarterly Progress Report, Sept., '60	. 1·00
13. Quarterly Progress Report, Dec., '60	.. 1·00
14. A Decade of Planned Economy	.. 0·25
15. A Decade of Planned Economy (Hindi)	.. 0·25
THIRD FIVE YEAR PLAN	
1. Quarterly Progress Report, June, '61	.. 1·00
2. Quarterly Progress Report, Sept., '61	.. 1·00
3. Quarterly Progress Report, Dec., '61	.. 1·00
4. Plan Progress Report, 1961-62 ..	.. 3·00
5. Plan Progress Report, 1962-63 ..	.. 3·00
6. Quarterly Digest of Economics & Statistics (Annual Subscription) Complete Vols. I, II, III, IV, V, VI VII, VIII (1, 2, 3 and 4) ..	..12·00
Vol. IX (I), (II) Each No. ..	.. 3·00

*Out of Stock.

(For official use only)

1. Rajasthan's Budget Study 1959-60
2. Rajasthan's Budget Study 1960-61
3. Rajasthan's Budget Study 1961-62
4. Rajasthan's Budget Study 1962-63
5. Rajasthan's Budget Study 1963-64
6. Rajasthan's Budget Study 1964-65

SECOND FIVE YEAR PLAN

1. Monthly Progress Report for the month of April, '60 to Feb., 1962

THIRD FIVE YEAR PLAN

1. Monthly Progress Report for the month of April to Dec., 1962

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1958

1. Ajmer 2. Jaipur

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1959

1. Alwar 2. Bharatpur
3. Bhilwara 4. Ganganagar
5. Jhunjhunu 6. Jodhpur
7. Kota 8. Nagaur

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1960

1. Ajmer 2. Bikaner
3. Churu 4. Jhalawar
5. Jhunjhunu 6. Jodhpur
7. Kota 8. Pali

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1961

1. Jodhpur 2. Jhunjhunu 3. Bundi
4. Bikaner 5. Pali 6. Kota
7. Bharatpur 8. Churu 9. S. Madhopur
10. Doongarpur 11. Jaipur 12. Nagaur
13. Tonk 14. Ajmer 15. Alwar

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1962

1. Jodhpur 2. S. Madhopur
3. Bikaner 4. Ganganagar
5. Jhunjhunu 6. Doongarpur
7. Pali 8. Jalore
9. Bharatpur

DISTRICT STATISTICAL OUTLINE, 1963

1. Bikaner

SURVEY REPORTS

1. Report on Jawai Project Survey.
2. Family Planning Survey of Raj., 1960-61.
3. Report on Crop Estimation Survey of Cotton, 1960-61.
4. Report on Crop Estimation Survey of Cotton, 196,1-62 and 1962-63.

Copies of the Directorate publications are available from:—

1. Superintendent, Government Central Press, Jaipur.
2. Directorate of Economics & Statistics, Rajasthan, New High Court Building, Jaipur.
3. Messrs. Students Book Co., Jaipur.
4. Messrs. Popular Book Depot, Jaipur
5. Messrs. Rajasthan Pustak Grah, Bikaner.
6. Shri Dwarkadas Rathi, Wholesale Bookseller and News Agent, Jodhpur.
7. Messrs. Mohan News Agency, Kota.
8. Messrs. Rajasthan Stores, outside Surajpole, Udaipur.
9. Messrs. B. S. Jain & Co., Muzaffarnagar.
10. Messrs. Bookland, 663, Madar Gate, Ajmer.
11. Information Centre, Jaipur.
12. Messrs. Krishna Brothers, Kucheri Road, Ajmer.

संचालनालय का प्रकाशन निम्नलिखित स्थानों पर प्राप्य है:—

1. अधीक्षक, राजकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।
2. आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय राजस्थान, न्यू हाईकोर्ट बिल्डिंग, जयपुर।
3. मेसर्स स्टूडेण्ट बुक कं०, जयपुर।
4. मेसर्स पापुलर बुक डिपो, जयपुर।
5. मेसर्स राजस्थान पुस्तक गृह, बीकानेर।
6. श्री द्वारकादास राठी, होलसेल बुक सेलर एवं न्यूज़ एजेण्ट, जोधपुर।
7. मेसर्स मोहन न्यूज एजेन्सी, कोटा।
8. मेसर्स राजस्थान स्टोर्स, सूरजपोल के बाहर, उदयपुर।
9. मेसर्स बी० एस० जैन एण्ड कं०, मुजफ्फरनगर।
10. मेसर्स बुक लैण्ड, 663 मदार गेट, अजमेर।
11. सूचना केन्द्र जयपुर।
12. मेसर्स कृष्णा ब्रदर्स, कचहरी रोड, अजमेर।

PRINTED AT GOVERNMENT PRESS, JODHPUR.
मुद्रित:—राजकीय मुद्रणालय, जोधपुर।

Price: Rs. 3 or 4s. 6d.
मूल्य: 3 रु० या 4 शि० 6 पेन्स

त्रैमासिक क्रमणिका

QUARTERLY DIGEST

OF

आर्थिक

ECONOMICS

एवं

&

सांख्यिकी

STATISTICS

DIRECTORATE OF ECONOMICS & STATISTICS, RAJASTHAN

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, राजस्थान

QUARTERLY DIGEST

OF

ECONOMICS & STATISTICS

आर्थिक एवं सांख्यिकी त्रैमासिक क्रमणिका

VOL. IX, NO. 3 | खण्ड नवम्, अंक तृतीय

Asadh-Asauj 1885-86 | असाढ़-आसोज, १८८५-८६

July-September, 1964 | जुलाई-सितम्बर, १९६४

Published by

Directorate of Economics & Statistics,

RAJASTHAN, JAIPUR.

— प्रकाशक —

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,

राजस्थान, जयपुर।

QUARTERLY DIGEST OF ECONOMICS & STATISTICS

आर्थिक एवं सांख्यिकी त्रैमासिक क्रमणिका

THIRD QUARTER, 1964

तृतीय त्रैमास, 1964

CONTENTS विषय-सूची

Serial No. क्रम संख्या — *Item* मद — *Page*

INTRODUCTION

The 'Quarterly Digest of Economics and Statistics' is the organ of the Directorate Economics and Statistics to make available to the general public and the Governme Departments in a compact and co-ordinated form, statistical data relevant to each sphere governmental, social and economic activities and to present an integrated picture of t developing and changing socio-economic situation as well as reviewing statistical stud conducted periodically either by the Directorate or any other organisation relating t economic and social life in the State. These are statistics expected to be of immediate inte to those looking for them and also serve as an introduction to the statistics available large scale at the various sources.

The Digest is divided into three parts. Part (A) 'Regular Statistical Tables' contai statistics on all the vital aspects of the economy of the State, while part (B) 'Special Table presents data available from time to time and part (C) 'Socio-economic Review and Special Article is meant for presenting economic and statistical analysis of the current and important problem of the State. Each series in the first part, as far as possible, contains data for the last fi years, current quarter and preceding four quarters. The quarterly figures are reported wit monthly breakdowns. All the current series included in the Digest contain data as far a available upto the last month of the quarter to which the Digest relates. It is cor tant attempt of the Directorate to revise the Digest from time to time and to improve upo the existing series as well as to include new subjects and new statistical series as and wh they become available.

Throughout the Digest, the following symbols have been used—

'..'	..	..	Not available
'—'	..	..	Nil or negligible
'N.R.'	..	..	Data not received or not reported.

All statistical data contained in the Digest relate to Rajasthan except in cases where otherwise stated. The data relating to other States have been incorporated in so far as these help to give a comparative picture of the economy of Rajasthan. The Digest is prepared with the co-operation of a number of Government Departments and associations of trade and industry. The source is indicated at the end of each table.

A number of Departments and Organisations have co-operated in making the data available and the Directorate of Economics and Statistics, Rajasthan, acknowledges with gratitude their co-operation. Although the Digest is published by a Government Department, the State Government are in no way responsible or committed to the views expressed in it. The Directorate, however, welcomes constructive criticisms and suggestions for further improvements in the Digest.

L. K. VERMA,
Director of Economics & Statistics,
Rajasthan.

भूमिका

'आर्थिक एवं सांख्यिकी क्रमणिका' आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय का मुख्य पत्र है। जनसाधारण एवं सरकारी विभागों के लिये यह क्रमणिका सदा तथा सुनिश्चित रूप से, सरकारी, सामाजिक और आर्थिक क्रियाओं के प्रत्येक क्षेत्र से सम्बन्धित सांख्यिकीय आंकड़े समक्ष रखते हुए प्रगतिशील एवं परिवर्तनशील सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का एकीकृत चित्रण प्रस्तुत करती है। साथ ही साथ राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन के सम्बन्ध में संचालनालय अथवा अन्य संस्थाओं द्वारा किये गये नियतकालिक सांख्यिकी अध्ययनों की समीक्षा भी प्रस्तुत करती है। ये आंकड़े उन लोगों के लिये तत्काल रुचिकर होते हैं जो कि इनके आकांक्षी हैं। इसके अतिरिक्त ये आंकड़े अन्य स्त्रोतों द्वारा वृहद रूपेण उपलब्ध आंकड़ों के परिचायक भी हैं।

यह क्रमणिका तीन भागों में विभाजित की गई है (अ) 'नियमित समंक सारणियां' जिनमें राज्य की आर्थिक व्यवस्था के मुख्य आंकड़े दिये गए हैं, (ब) 'विशिष्ट' जिसमें समय समय पर उपलब्ध आंकड़े दिये हैं एवं (स) 'आर्थिक समीक्षा एवं विशेष लेख' जिसका उद्देश्य राज्य की वर्तमान एवं मुख्य समस्याओं का आर्थिक एवं सांख्यिकी विश्लेषण करना है। जहां तक सम्भव हो सका है, प्रत्येक श्रृंखला के प्रथम भाग में गत पांच वर्षों, वर्तमान त्रैमास एवं गत चार त्रैमास के आंकड़े दिये गये हैं। त्रैमासकीय आंकड़े मासिक विभाजन में प्रतिवेदित किये गये हैं। इस क्रमणिका में सम्मिलित समस्त मालाएं यथासम्भव उस त्रैमास के जिससे क्रमणिका सम्बन्धित है, अन्तिम मास तक के आंकड़े प्रस्तुत करती है। इस संचालनालय का समय समय पर क्रमणिका का पुनर्रीक्षण करने एवं विद्यमान मालाओं का सुधार करने के साथ ही साथ प्राप्त नये विषयों एवं सांख्यिकी मालाओं को सम्मिलित करने का निरन्तर प्रयास रहा है। इस क्रमणिका में निम्नलिखित चिन्ह प्रयोग किये गये हैं:—

'...'	....	....	अप्राप्य
'—'	....	....	शून्य अथवा नगण्य
'N. R.'	....	....	अप्रतिवेदित आंकड़े

उन दशाओं के अतिरिक्त जहां अन्यथा वर्णित है, क्रमणिका में समस्त अन्तर्विष्ट आंकड़े राजस्थान से सम्बन्धित हैं। अन्य राज्यों से सम्बन्धित आंकड़े वहीं सम्मिलित किये गये हैं जहां वे राजस्थान की अर्थ-व्यवस्था के तुलनात्मक अध्ययन में सहायक होते हैं। यह क्रमणिका अनेक सरकारी विभागों तथा व्यापारिक एवं औद्योगिक संस्थाओं के सहयोग से तैयार की गई है। प्रत्येक सारणी के अन्त में उसका स्त्रोत निर्दिष्ट किया गया है।

आंकड़ों की उपलब्धि में अनेक विभागों एवं संस्थाओं ने सहयोग दिया है और आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय उनके सहयोग का आभारी है। यद्यपि यह क्रमणिका एक सरकारी विभाग से प्रकाशित की गई है, परन्तु राज्य सरकार किसी प्रकार भी इसमें दिये गये विचारों के लिये उत्तरदायी अथवा विचारबद्ध नहीं है। यह संचालनालय क्रमणिका में आगे सुधार के हेतु रचनात्मक आलोचनाओं एवं सुझावों का स्वागत करता है।

लक्ष्मी कुमार वर्मा,
संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,
राजस्थान।

THE METRIC SYSTEM
दाशमिक प्रणाली

A. Conversion Table
परिवर्तन तालिका

Weights
भार

1	Grain ग्रेन	=	0·065 Gram ग्राम
1	Ounce औंस	=	28·350 Grams ग्राम
1	Pound पौंड	=	0·4535924 Kilogram किलोग्राम
1	Stone स्टोन	=	6·350 Kilograms किलोग्राम
1	Cwt. हंडरवेट	=	50·802 Kilograms किलोग्राम
1	Ton टन	=	1016·05 Kilograms किलोग्राम 1·016 Metric tonnes मेट्रिक टन
1	Tola तोला	=	11·664 Grams ग्राम
1	Chattak छटांक	=	58·32 Grams ग्राम
1	Seer सेर	=	0·93310 Kilogram किलोग्राम
1	Maund मन	=	37·3242 Kilograms किलोग्राम
100	Kilograms किलोग्राम	=	1 Quintal क्विंटल
10	Quintals क्विंटल	=	1 Ton टन

Length and Capacity
लम्बाई एवं धारिता

1	Inch इंच	=	0·0254 Metre मीटर
1	Foot फुट	=	0·3048 Metre मीटर
1	Yard गज	=	0·9144 Metre मीटर
1	Mile मील	=	1·609344 Kilometres किलोमीटर
1	Imperial gallon इम्पीरियल गैलन	=	4·54596 Litres लिटर

Area क्षेत्रफल

1	Acre एकड़	=	0·404686 Hectare हेक्टेयर
1	Sq. Mile वर्ग मील	=	2·58999 Square Kilometres वर्ग किलोमीटर

B. WEIGHTS CONVERSION
भार परिवर्तन तालिका

Nos. of Qtls./Kgs./Srs. Mds./lbs./Qrts./Cwt./Tons क्विन्टल/किलोग्राम/सेर/मन/पौण्ड/क्वार्टर/हन्डरवेट/टन की संख्या	Quintals to Mds. & Srs. क्विन्टल से मन व सेर में		Kilos to Srs. & Tolas किलो से सेर व तोले में		Seers to Kg. सेर से किलोग्राम में	Maunds to Qtls. मन से क्विन्टल में	lbs. to Kilos पौण्ड से किलोग्राम में	Qrts. to Kilos क्वार्टर से किलो में	Cwt. to Kilos हन्डरवेट से किलो ग्राम में	Tons to Kilos टन से किलोग्राम में
	Md. मन	Seer सेर	Srs. सेर	Tolas तोला						
1	2	27	1	6	0·933	0·37	0·45	12·70	50·80	1,016·05
2	5	14	2	11	1·866	0·75	0·91	25·40	101·60	2,032·09
3	8	2	3	17	2·799	1·12	1·36	38·10	152·41	3,048·14
4	10	29	4	23	3·732	1·49	1·81	50·80	203·21	4,064·19
5	13	16	5	29	4·666	1·87	2·27	63·50	254·01	5,080·23
6	16	3	6	34	5·599	2·24	2·72	76·20	304·81	6,096·28
7	18	30	7	40	6·532	2·61	3·18	88·90	355·62	7,112·23
8	21	17	8	46	7·465	2·99	3·63	101·60	406·42	8,128·38
9	24	5	9	52	8·398	3·36	4·08	114·31	457·22	9,144·42
10	26	32	10	57	9·331	3·73	4·54	127·01	508·02	10,160·47
20	53	23	21	35	18·662	7·46	9·07	254·01	1,016·05	20,320·94
30	80	15	32	12	27·993	11·20	13·61	381·02	1,524·07	30,481·41
40	107	7	42	69	37·324	14·93	18·14	508·02	2,032·09	40,641·88
50	133	38	53	47	46·655	18·66	22·68	635·03	2,540·12	50,802·35
100	267	37	107	14	93·310	37·32	45·36	1,270·06	5,080·23	1,01,604·70

C. LENGTH CONVERSION
लम्बाई की परिवर्तन तालिका

Unit इकाई	Numbers of Inches/Feet/Yards/Miles इंच/फीट/गज/मील की संख्या														
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	20	30	40	50	100
Inches to Metres इंच से मीटर में	0·03	0·05	0·08	0·10	0·13	0·15	0·18	0·20	0·23	0·25	0·51	0·76	1·02	1·27	2·54
Feet to Metres फीट से मीटर में	0·30	0·61	0·91	1·22	1·52	1·83	2·13	2·44	2·74	3·05	6·10	9·14	12·19	15·24	30·4
Yards to Metres गज से मीटर में	0·91	1·83	2·74	3·66	4·57	5·49	6·40	7·32	8·23	9·14	18·29	27·43	36·58	45·72	91·4
Miles to Metres मील से मीटर में	1,609·00	3,218·00	4,828·00	6,437·38	8,046·72	9,656·06	11,265·41	12,874·75	14,484·10	16,093·44	32,186·88	48,280·32	64,373·76	80,467·20	1,60,934·40

A-STATISTICAL TABLES-REGULAR

अ-सांख्यिकीय सारणियां-नियमित

I. KEY FIGURES AT A GLANCE
मुख्य आंकड़े एक दृष्टि में

(i) KEY FIGURES AT A GLANCE
मुख्य आंकड़े एक दृष्टि में

Items मदें	Year वर्ष	Unit इकाई	Particulars विवरण
1	2	3	4
1. Location स्थिति			
(i) North Latitude उत्तर अक्षांश रेखा ..	1961	Degree अंश	23°·3′ and 30°·12′
(ii) East Latitude पूर्व अक्षांश रेखा	1961	Degree अंश	69°·30′ and 78°·17′
2. Area according to क्षेत्रफल			
(i) Surveyor General of India . महाभूमापक भारत के अनुसार ..	1961	Lakh Sq. K. Metres लाख वर्ग किलो मीटर	3·42
(ii) Land Records भूलेख के अनुसार	1961	Lakh Sq. K. Metres लाख वर्ग किलो मीटर	3·38
(iii) Urban areas नगरीय क्षेत्र	1961	Lakh Sq. K. Metres लाख वर्ग किलो मीटर	0·01
(iv) Rural areas ग्रामीण क्षेत्र ..	1961	Lakh Sq. K. Metres लाख वर्ग किलो मीटर	3·41
(v) Greatest length (East-West) .. अधिकतम लम्बाई (पूर्व-पश्चिम) ..	1961	K. Metres किलो मीटर	869
(vi) Greatest width (North-South) .. अधिकतम चौड़ाई (उत्तर-दक्षिण) ..	1961	K. Metres किलो मीटर	821
(vii) Length of border सीमा की लम्बाई ..	1961	K. Metres किलो मीटर	59,53
3. Density घनत्व	1961	Per Sq. K. Metre प्रति वर्ग किलो मीटर	60
4. Population जनसंख्या	1961	Number संख्या	2,01,55,602
(i) Variation in population जनसंख्या में परिवर्तन ..	1951-61	Percentage प्रतिशत	+26·2
(ii) Male population पुरुष जनसंख्या	1961	Percentage प्रतिशत	52·4
(iii) Female population स्त्री जनसंख्या ..	1961	Percentage प्रतिशत	47·6
(iv) Urban population नगरीय जनसंख्या ..	1961	Percentage प्रतिशत	16·3
(v) Rural population ग्राम्य जनसंख्या ..	1961	Percentage प्रतिशत	83·7
(vi) Inhabited villages संनिवसित ग्राम ..	1961	Number संख्या	32,241
(vii) Cities and towns नगर एवं कस्बे ..	1961	Number संख्या	145

(i) KEY FIGURES AT A GLANCE (*Concld.*)
मुख्य आंकड़े एक दृष्टि में (समाप्त)

Items मदें	Year वर्ष	Unit इकाई	Particulars विवरण
1	2	3	4
5. Agriculture कृषि*			
(i) Net area sown वास्तविक बोया क्षेत्र	1962-63	Thousand Hectares हजार हेक्टेयर	13,821
(ii) Total cropped area समस्त बोया क्षेत्र ..	1962-63	Thousand Hectares हजार हेक्टेयर	14,833
(iii) Gross irrigated area कुल सिंचित क्षेत्र ..	1962-63	Thousand Hectares हजार हेक्टेयर	1,859
(iv) Forest area वन क्षेत्र	1962-63	Thousand Hectares हजार हेक्टेयर	852
6. Index number of agricultural production@ कृषि-उत्पादन का सूचकांक	1962-63	Base 1952-53 to 1955-56=100 आधार 1952-53 से 1955-56=100	
(i) Food crops खाद्य फसलें	,,	,,	129·31
(ii) Non-food crops अखाद्य फसलें	,,	,,	168·12
(iii) General सामान्य	,,	,,	137·90
7. Educational institutions शिक्षण संस्थाएं ..	1962-63	Number संख्या	27,560
(i) Teachers in educational institutions शिक्षण संस्थाओं में अध्यापक ..	,,	,,	66,792
(ii) Scholars in educational institutions शिक्षण संस्थाओं में छात्र ..	,,	,,	18,97,123
8. Employment रोजगार			
(a) Rajasthan Government Employees राजस्थान सरकार के कर्मचारी ..	As on 31-3-62 को	Number संख्या	1,58,443
(i) Gazetted राजपत्रित	,,	,,	5,546
(ii) Non-Gazetted अराजपत्रित	,,	,,	1,52,897
(b) Estimated emoluments of Rajasthan Government employees राजस्थान सरकार के कर्मचारियों को अनुमानित उपलब्धियां	As on 31-3-62 को	Thousand Rupees हजार रुपये	17,198
(i) Gazetted राजपत्रित	,,	,, ,,	2,428
(ii) Non-Gazetted अराजपत्रित	,,	,, ,,	14,770

@ Based on final Forecasts (Provisional).
@ अन्तिम पूर्वानुमान पर आधारित (अस्थाई)।
* Provisional
* अस्थाई

Source:—Directorate of Economics and Statistics, Rajasthan.
स्त्रोत:—आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, राजस्थान।

II. QUARTERLY KEY FIGURES AT A GLANCE
त्रैमासकीय मुख्य आंकड़े एक दृष्टि में

(i) QUARTERLY KEY
त्रैमासकीय मुख्य

Items मदें	Unit/Base इकाई/आधार	Quarter त्रैमास	
		September, 1964 सितम्बर, 1964	June, 1964 जून, 1964
1	2	3	4
I. CLIMATE:			
(i) Maximum temperature	°C. डि० से०	45°	46°
(ii) Minimum temperature	°C डि० से०	17°	13°
(iii) Actual rainfall (Average)	Cms. सेंटीमीटर	13·7	5·6
II. IRRIGATION:			
(i) Area irrigated by major canals @	Hectares हेक्टेयर	29,371	1,14,547
III. FUEL AND POWER:			
(i) Electricity generated	'000 Kwh. '००० किलोवाट	N.R.	19,806
(ii) Electricity consumed	Kwh. किलोवाट	N.R.	62,890
(iii) Coal distributed	Wagons वैगन	8,188	7,869
IV. INDUSTRIAL OUTPUT:			
(i) Cotton cloth @	'000 Metres '००० मीटर	10,463	9,615
(ii) Cotton yarn @	'000 Kgms. '००० किलोग्राम	4,632	4,158
(iii) Cement	Tonnes मे० टन	2,43,539	2,36,776
(iv) Glass	Tonnes मे० टन	111	95
(v) Sugar	Tonnes मे० टन	—	—
(vi) Electric metres	Number संख्या	71,200	85,600
(vii) Salt	Tonnes मे० टन	21,315	2,90,342
(viii) Ball bearings	'000 Numbers '००० संख्या	818	1,208
(ix) Mica insulating bricks	'000 Numbers '००० संख्या	287	165
(x) Polished and Repolished stone	000 Sq. Metres '००० वर्ग मीटर	70	66
V. LABOUR AND EMPLOYMENT:			
(i) Industrial disputes	Number संख्या	11	43
(ii) Workers involved@	Number संख्या	2,662	9,757
(iii) Mandays lost @	Number संख्या	10,330	12,931
(iv) Trade Unions†	Number संख्या	431	416
(v) Memberships†	Number संख्या	68,705	67,894
(vi) Factory accidents	Number संख्या	843	760
(vii) Employment (a) Registrations	Number संख्या	41,299	41,466
(b) Placings	Number संख्या	5,790	3,554

@ Figures relate to the first two months of the current quarter, preceding quarter and the corresponding quarter of the last year.
† In existence at the end of the period.
N. C= Not Comparable.

II. QUARTERLY KEY FIGURES AT A GLANCE
त्रैमासकीय मुख्य आंकड़े एक दृष्टि में

FIGURES AT A GLANCE
आंकड़े एक दृष्टि में

ending समाप्ति	Percentage increase (+) or decrease (—) during current quarter over quarter ending त्रैमास में प्रतिशत वृद्धि (+) अथवा ह्रास (—) चालू त्रैमास की तुलना में		Items मदें
September, 1963 सितम्बर, 1963	June, 1964 जून, 1964	September, 1963 सितम्बर, 1963	
5	6	7	1
			I. जलवायु:
48°	—2·2	—4·2	(i) उच्चतम तापमान .. ..
13°	+30·8	+30·8	(ii) न्यूनतम तापमान .. ..
11·8	+144·6	+16·1	(iii) वास्तविक वर्षा (औसत) .. ..
			II. सिंचाई:
46,332	—74·4	—36·6	(i) प्रधान नहरों द्वारा सिंचित क्षेत्र@ .. ..
			III ईंधन एवं शक्ति:
22,497	NC	NC	(i) विद्युत् उत्पादित .. ..
37,542	NC	NC	(ii) विद्युत का उपभोग .. ..
9,721	+4·1	—15·8	(iii) पत्थर के कोयले का वितरण .. ..
			IV. औद्योगिक उत्पादन:
9,298	+8 82	+8·8	(i) सूती वस्त्र@ .. ..
3,356	+11·94	+38·0	(ii) सूत@ .. ..
